


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 16 अंक - 118 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 10 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# परीक्षा पे चर्चा : पीएम मोदी ने बताया परीक्षा से पहले स्ट्रेस से कैसे बचें? छात्रों को दिया मंत्र

## छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने दीन दयाल ऑडिटोरियम में सैकड़ों छात्रों के साथ पीएम मोदी को सुना

श्रीकंचनपथ न्यूज

नईदिल्ली/रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से परीक्षा के तनाव को कम करने के उपायों पर चर्चा की। नई दिल्ली प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सुबह 11 कार्यक्रम शुरू हुआ। इस दौरान पीएम मोदी ने परीक्षा से पहले ट्रेस से कैसे बचें इसके बारे में बताया। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने व सुनने के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पंडित दीन दयाल ऑडिटोरियम में विशाल स्क्रीन लगाया गया। सीएम विष्णुदेव साय ने अधिकारियों व सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ पीएम मोदी को सुना।



परीक्षा से पहले स्ट्रेस को लेकर पीएम मोदी ने पूछा कि यह मुसीबत शुरू कहां से होती है। तनाव और डिप्रेशन होने के लक्षण नजर आने लगते हैं। पीएम मोदी ने कहा किअपने मन की दुविधाओं को लोगों के साथ बांटना सीखें। इससे मन शांत रहता है, साथ ही घर के किसी भी सदस्य से बात करें। क्रिकेटरों का उदाहरण देते हुए पीएम ने छात्रों को दबाव पर ध्यान न देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह बल्लेबाज स्टेडियम में नारे और शोर को अनदेखा करके गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है, उसी तरह छात्रों को भी दबाव के बारे में सोचने के बजाय पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### टीमवर्क और धैर्य सफल नेता बनने की कुंजी है

कार्यक्रम के दौरान एक छात्र ने पीएम मोदी से पूछा कि अच्छा नेता कैसे बनें, तो पीएम मोदी ने छात्रों से कहा कि टीमवर्क और धैर्य अच्छे नेता बनने के मुख्य गुण हैं। पीएम मोदी ने कहा कि अपने साथियों का समर्थन करना और उनकी परिस्थितियों को समझना महत्वपूर्ण है। नेतृत्व किसी पर थोपा नहीं जा सकता। एक छात्र के सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हर बच्चे में कुछ न कुछ खासियत जरूर होती है। कोई पढ़ाई में अच्छा होता है तो किसी की और चीज में अच्छा होता है। साथ ही पीएम मोदी ने उस छात्र से उसकी खासियत के बारे में भी चर्चा की।

### रायपुर की युक्तामुखी का पीएम मोदी से सवाल

परीक्षा पे चर्चा के दौरान रायपुर की युक्तामुखी साहू ने पीएम मोदी से पूछा कि - हम छोटी-छोटी जीत से खुश कैसे रहें, क्योंकि मैं हर चीज से ज्यादा नेगेटिव हो जाती हूं। मैंने सोचा था कि दसवीं में 95त्न आएंगे लेकिन 93 आ गया, 2 परसेंट कम हो गया तो इस वजह से मैं बहुत ज्यादा डिप्रेस्ड हो गई थी। इस पर प्रधान मंत्री ने कहा- मैं तो इसे सक्सेस मानता हूं, टारगेट ऐसा बनाएं, जो पहुंच में हो लेकिन पकड़ में ना हो। पहले तो मैं आपको बधाई देता हूं कि आपने अपनी ताकत से से 2 पाइंट ज्यादा का टारगेट रखा, ये बुरा नहीं है और देखिए अगली बार अगर आप 97 का टारगेट रखेंगी तो 95 जरूर ले आएंगी। आप पर गर्व इस बात का है कि आपने 95 टारगेट रखा, आपने 97 का नहीं रखा, आपने 99 का नहीं रखा।

### पीएम मोदी ने खाने पर दिए टिप्स, बताया क्या खाएं

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने बच्चों को खाने-पीने के बारे में अहम टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि बच्चों को अपने भोजन को अच्छी तरह से चबाकर खाना चाहिए, कम से कम 32 बार। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को कौन से खाद्य पदार्थ खाना चाहिए और किनसे बचना चाहिए। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी बताया कि कब और क्या खाना उचित है। खाने के दौरान किन किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

### 3.30 करोड़ से ज्यादा छात्रों ने कराया रजिस्ट्रेशन

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 'परीक्षा पे चर्चा' 2025 कार्यक्रम से जुड़े कुछ आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार, इस बार पीपीसी 2025 ने सभी पिछले संस्करणों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इस बार 3.30 करोड़ से ज्यादा छात्रों ने इस कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन किया है। इसके अलावा 20.71 लाख से अधिक शिक्षक और 5.51 लाख से ज्यादा अभिभावकों ने भी अपना पंजीकरण कराया है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 14 जनवरी थी।

## खास-खबर



### राष्ट्रपति ने महाकुंभ में डुबकी लगाई:सूर्य को अर्घ्य दिया, हनुमान मंदिर में दर्शन किए

**प्रयागराज।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने संगम में 3 डुबकी लगाई। भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। स्नान से पहले मां गंगा को पुष्प अर्पित किए। मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद राष्ट्रपति लेटे हनुमान मंदिर पहुंचीं। यहां दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ भी साथ रहे।

राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने स्वागत किया। वहां से अरैल पहुंचीं, फिर बोट से संगम पहुंचीं और स्नान किया। द्रौपदी मुर्मू देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने महाकुंभ में स्नान किया। इससे पहले, 1954 में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में स्नान किया था।

### फिर चढ़ेगा पारा, अगले 3 दिन 3 डिग्री तक बढ़ेगा दिन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। पिछले 2-3 दिनों से तापमान में आई गिरावट के कारण गर्मी से राहत थी, अब फिर से अधिकतम तापमान बढ़ने वाला है। अगले 3 दिनों तक दिन और रात का तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है। रविवार को रायपुर समेत कई जिलों में न्यूनतम तापमान कम रहा। रविवार को दंतेवाड़ा प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री रहा। वहीं बलरामपुर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री रहा। सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में अब भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रविवार को रात का तापमान सामान्य से कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 15.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 0.7 डिग्री कम था। अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह औसत से 3.4 डिग्री अधिक था। वहीं माना इलाके में न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री कम था।

# छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव: 10 निगमों, 49 पालिकाओं व 114 नगर पंचायतों में वोटिंग कल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव 10 नगर निगम, 49 नगर पालिका परिषद और 114 नगर पंचायतों के लिए मतदान 11 फरवरी को मतदान होगा। 10 नगर निगमों में जगदलपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर और चिरमिरी शामिल है। इस बार के चुनाव में मतदाता, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए एक साथ महापौर व अध्यक्ष तथा पार्षद पद के लिए मतदान करेंगे। मतदान का समय सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगा। 15 फरवरी को मतगणना के साथ नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे।

बता दें इस बार नगरीय निकाय चुनाव में ईवीएम अलग अलग नहीं होंगे। महापौर व अध्यक्ष के साथ पार्षद प्रत्याशियों के नाम एक ही ईवीएम में अंकित होंगे। ईवीएम में महापौर के नाम सफेद पट्टी और पार्षद उम्मीदवार के नाम गुलाबी पट्टी पर लिखे दिखेंगे। यानी मतदाताओं को एक ही ईवीएम में दो बार बटन दबाना है। एक बार महापौर के नाम के आगे और दूसरी आर पार्षद के नाम के आगे बटन दबाना होगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा वार्ड वार प्रशिक्षण भी दिया गया।

### मतदान के लिए 18 प्रकार के दस्तावेज को मान्य



छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका के सभी निर्वाचकों को आम निर्वाचन तथा उप निर्वाचन में मतदान केन्द्र पर मत डालने हेतु अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। मान्य दस्तावेजों में- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता परिचय पत्र, बैंक व डाक घर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, पेन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य व केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय द्वारा उनके अधिकारी एवं कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान पत्र, केन्द्रीय अथवा राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौंशिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त विकलांगता प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशनकार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान पत्र, फोटो युक्त शस्त्र लाइसेंस तथा छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार साफ्टवेयर एसईसी-ईआर द्वारा ऑनलाईन जनरेट मतदाता पहचान पर्ची शामिल है।

### इनके बीच मुकाबला

**रायपुर :** भाजपा से मीनल चौबे और कांग्रेस से दीप्ती दुबे

**दुर्ग :** भाजपा से अलका वाघमार और कांग्रेस से प्रेमलता साहू

**राजनांदगांव :** भाजपा से मधुसूधन यादव और कांग्रेस से निखिल द्विवेदी

**बिलासपुर :** भाजपा से पूजा विधानी और कांग्रेस से प्रमोद नायक

**कोरबा :** भाजपा से संजू देवी राजपूत और कांग्रेस से उषा तिवारी

**रायगढ़ :** भाजपा से जीवर्धन चौहान और कांग्रेस से जानकी काटजू

**अंबिकापुर :** भाजपा से मंजूषा भगत और कांग्रेस से डॉ अजय तिर्की

**धमतरी :** भाजपा से रामू रोहरा और कांग्रेस से जगदीश रोहरा

**जगदलपुर :** भाजपा से संजय पाण्डेय और कांग्रेस से मलकीत सिंह गैंदू

**चिरमिरी :** भाजपा से राम नरेश राय और कांग्रेस से डॉ विनय जायसवाल

# एयरो इंडिया 2025 : सुखोई और लड़ाकू विमानों की गर्जना

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- यह पराक्रम का महाकुंभ



**बंगलूरू ए.।** बेंगलुरू में येलहंका एयरफोर्स स्टेशन पर एयरो इंडिया 2025 का 15वां संस्करण का समारोह शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान राजनाथ सिंह ने वैश्विक अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि एक बड़े देश के तौर पर भारत हमेशा शांति और स्थिरता का हिमायती रहा है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा हमारे लिए भारतीय सुरक्षा या भारतीय शांति अलग-थलग नहीं है।

इस दौरान उन्होंने एयरो इंडिया 2025 की तुलना महाकुंभ से की है। उन्होंने कहा- इस समय भारत में महाकुंभ चल रहा है। मुझे भी संगम में डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं समझता हूं कि एयरो इंडिया के रूप में आज से भारत में एक और महाकुंभ का प्रारंभ हो रहा है। जहां एक तरफ प्रयागराज का महाकुंभ आत्म संधान का कुंभ है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ अनुसंधान का कुंभ है। जहां एक तरफ प्रयागराज का महाकुंभ आंतरिक मजबूती पर ध्यान दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ हमारी बाहरी मजबूती पर ध्यान दे रहा है। जहां एक तरफ प्रयागराज का महाकुंभ भारत की संस्कृति को दर्शा रहा है, वहीं दूसरी तरफ एयरो इंडिया का यह महाकुंभ भारत की शक्ति को दर्शा रहा है।

एयरो इंडिया 2025 का उद्घाटन करने के बाद बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आज की अनिश्चितताओं और आज के परिप्रेक्ष्य में उभर रही नई चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, शांति का वट वृक्ष केवल शक्ति की जड़ों पर ही खड़ा हो सकता है। मेरा मानना है कि हम सभी को एक साथ मज़बूत होना होगा, तभी हम शांति सुनिश्चित कर पाएंगे। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के इस माहौल में भारत एक बड़ा देश है, जहां शांति और समृद्धि है।

# तांबा चमकाकर दिखाया और सोने के जेवर कर दिए पार, पुलिस की गिरफ्त में आए 6 शातिर आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में तांबा चमकाकर दिखाया और लाखों के सोने के जेवरात पार दिए। आरोपियों ने एक घर में घुसकर बातों ही बातों में महिला के गले में पहने जेवरात में कोई लाल पाउडर लगा दिया। तभी महिला के गले में जलन होने लगी तो उसे साफकरने का बहाना देकर सारे गहने पार कर दिए। इस मामले में पुलिस ने बिहार के एक गैंग के छह लोगों को पकड़ा है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पी सरोजिनी (67) ने खमतराई थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें उन्होंने बताया कि 8 फरवरी की सुबह 11 बजे के करीब वह संतोषी नगर स्थित घर पर अपने पति के साथ थी। इस दौरान घर के गेट को खिसकाकर दो लोग घर के अंदर आए। आरोपियों ने कहा कि टाइल्स, तांबा, पीतल बर्तन और सोने-चांदी की सफाई करते हैं। इसके बाद महिला को झांसे में लेकर उसके गहने उतरवाए और बड़ी ही चालाकी से बदलकर भाग गए।



मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे और गाड़ी की पहचान करते हुए रायपुर के होटल में जांच पड़ताल की। जानकारी मिली कि संदिग्ध लोग होटल में रुके हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों को पूछताछ के बाद धोखाधड़ी केस में गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपी बिहार के कटिहार जिले के रहने वाले हैं। आरोपियों के नाम अमरदीप शाह, अमित कुमार, मुकेश भगत, सिकंदर शाह, विपिन कुमार और शंभू शाह है। आरोपियों के पास से पुलिस ने मंगलसूत्र, सोने की चेन, सोने के कंगन, अंगूठी, 3 बाइक और मोबाइल फोन समेत 25 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। इनमें से एक आरोपी शंभू शाह के खिलाफ उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में चोरी ठगी जैसे मामले हैं। जिसमें वह जेल जा चुका है।

# हेलमेट-सीटबेल्ट और सड़क सुरक्षा

श्रीकंचनपथ




बाइक रैली और रोड शो के देश में ट्रैफिक सुरक्षा की बातें भी कभी-कभी हो जाती हैं. इसके लिए साल का एक समय निश्चित किया हुआ है। कहीं सड़क सुरक्षा माह मनाया जाता है तो कहीं सड़क सुरक्षा पखवाड़ा। कहीं-कहीं सड़क सुरक्षा सप्ताह या सड़क सुरक्षा दिवस भी मनाया जाता है। जिसके पास जितनी फुर्सत और जितने साधन संसाधन वह उस हिसाब से सड़क सुरक्षा का पालन करता है। मूल बात यह है कि सड़क सुरक्षा क्या हेलमेट और सीट बेल्ट से होती है? विशेषज्ञों की मानें तो इन उपायों का सड़क सुरक्षा से कोई सीधा संबंध नहीं है। हेलमेट और सीटबेल्ट ज्यादा से ज्यादा हादसा होने की स्थिति में जान बचा सकते हैं। फिर इसपर इतना जोर क्यों? वह इसलिए कि पुलिस के पास इससे ज्यादा आसान कोई काम नहीं है। गाड़ियों के फिटनेस, इंश्योरेंस, हेलमेट और सीट बेल्ट की जांच आसानी से की जा सकती है। पर लोगों में ट्रैफिक सेंस पैदा करना उसके बूते का नहीं। राजनीति की तरह सड़क पर भी भौकाल चलता है। जिसके पास दम है, वह बाकी लोगों को तुच्छ समझता है, उनका मजाक बनाता रहता है। वैसे भौकाल शब्द का सही-सही मतलब तो नहीं पता पर आज के समय में इस शब्द ने अपने लिए अच्छा खासा स्पेस बना लिया है। सड़क के मामले में इसे दबंगई कह सकते हैं। कुछ लोग आदतन जिद्दी और मनमौजी होते हैं। इनके पास अच्छी या बड़ी गाड़ी हो तो सड़क पर चलने वाले दूसरे लोगों की शामत आ जाती है। सड़क पर चलने वालों की इन लोगों से सुरक्षा कर पाना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर है। ये जहां से चाहेंगे ओवरटेक करेंगे, लाल-हरी-पीली बत्ती का इनके लिए कोई मतलब नहीं। इनकी रफ्तार और गुण्डई खुद इनके लिए तो खतरनाक साबित होती ही है, दूसरों का भी काल बन जाती है। चलो इन पर पुलिस का बस नहीं चलता तो कोई बात नहीं। इसपर ज्यादा बातें की तो पुलिस कर्मचारियों की कमी का रोना लेकर बैठ जाएगी। पर हकीकत यही है कि इस समस्या को उसने अभी तक स्वीकार ही नहीं किया है। वरना चौक चौराहों पर गाड़ी लगाकर लोग सौदा खरीदने नहीं चले जाते। चौराहों पर उपासना स्थल नहीं होते और वहां एसयूवी वाले ऑफिस टाइम में माथा टेकने नहीं आते। अगर सिर्फ पार्किंग को लेकर ही पुलिस सख्त हो जाती तो सड़कों पर निजी वाहनों की संख्या कम हो जाती। एक समय था कोलकाता में रईस भी अपनी गाड़ी नहीं रखते थे। बाजार स्थलों में पार्किंग का नहीं होना इसकी एक वजह थी। मुम्बई में अभी भी कुछ लोग अपनी गाड़ी ठीक-ठाक रखने के लिए आधी रात को ड्राइविंग पर निकलते हैं, सी लिंक पर बेमतल की ड्राइविंग करते हैं और फिर लौटकर देर रात घर आ जाते हैं। दरअसल, शासन पब्लिक ट्रांसपोर्ट को लेकर गंभीर नहीं है। सस्ता और सुलभ पब्लिक ट्रांसपोर्ट सड़क पर निजी वाहनों की रेलमपेल को कम कर सकता है।



संपादकीय

# केजरीवाल और आप को तो हारना ही था

हिंदू परंपरा में मान्यता है कि कर्मफल अटल है, आपने जैसा कर्म किया है, वैसा फल तो कोई चाहे न चाहे उसे मिलता ही है। फल से ही पता चलता है कि किसी ने क्या क्या कर्म किए थे। कोई छिपाना चाहे तो अपने कर्म को तो छिपा सकता है लेकिन वह कर्म फल को नहीं छिपा सकता है। जब फल मिलता है तो सबको पता चल जाता है, इसे फल मिला है तो इसने कैसे कर्म किए थे।किसी ने भ्रष्टाचार किया है तो उसको फल भी वही मिलेगा जो भ्रष्टाचार करने वालों को मिलता है। कोई भ्रष्टाचार करे और चाहे फल ईमानदार को जो मिलता है, वह मिलना चाहिए तो ऐसा कभी होता नहीं है।

> दिल्ली के पूर्व सीएम व आप पार्टी के संयोजक केजरीवाल ऐसा ही चाह रहे थे। आरोप तो करोड़ों रुपए के शराब घोटाला का लगा है,जेल भी भेजे जा चुके हैं। वह चुनाव में चाहते थे कि जनता उनको कट्टर ईमानदार मान ले और चुनाव में पहले जिस तरह तीन बार जिता चुकी है, उसी तरह चौथी बार भी जिता दे। वह चाहते थे जनता जांच एजेंसी, विरोधी दलों किसी की बात पर यकीन न करे, उनकी बात पर यकीन करे, वह कहते हैं कि केजरीवाल और आप के नेता सब कट्टर ईमानदार हैं तो जनता आंख मूंदकर मान ले।जनता तीन बार मान चुकी थी, 2013, 2015और 2020 में। तब जनता केजरीवाल खुद को ईमानदार और बाकी सब को बेईमान कहते थे तो जनता मान लेती थी क्योंकि तब तक केजरीवाल पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा था। 20 के बाद केजरीवाल पर शराब घोटाले सहित कई तरह के घोटाले के आरोप लगे। उन्होंने वह सब करना शुरू कर दिया जो उन्होंने नहीं करने की घोषणा जनता के बीच की थी। उन्होंने कहा था बड़ा घर नहीं लूंगा, बड़ी कार में नहीं चलूंगा, मैं आम आदमी जैसे रहते हैं, वैसा रहूंगा।

20 के बाद उन्होंने अपने लिए शीशमहल बनवाया, बड़ी कार मे चलने लगे, वह सब करने लगे जो दूसरे दल के ज्यादातर नेता करते हैं। जनता से उन्होंने कहा था मैं और मेरी पार्टी दूसरी तमाम पार्टी से अलग है, हम लोग सत्ता के लिए नहीं आए हैं, हम लोग तो राजनीति बदलने आए हैं। हम भ्रष्टाचार के खिलाफहैं। लेकिन 2020 के बाद वह पहले जैसे नहीं रहे। यह तो जनता को उनके रहने सहन, व्यवहार, लग रहे आरोप से पता चल गया। जनता इसे इस निष्कर्ष पर पहुंची की यह वह केजरीवाल नहीं है जो 13 से 20 तक था, ईमानदार, आम लोगों का प्रतिनिधि। आम लोगों के लिए हर तरह की जरूरी सुविधाएं करने वाला। 20 से 25 के बीच केजरीवाल ने नैतिक पूंजी जो 13 से 20 तक कमाई थी, वह उन्होंने पांच साल में गंवा दी। दस साल सत्ता में रहने के दौरान बहुत सारे वादे उन्होंने जो दिल्ली की जनता से किए थे,वह पूरे नहीं किए। यमुना का साफ करवाने का वादा किया था, लेकिन दस साल में वह यमुना को साफ नही करवा सके। दिल्ली की खराब सड़के उनके समय और खराब हो गईं, यमुना जितनी गंदी थी और गंदी हो गई। दिल्ली जितना प्रदूषित थी और प्रदूषित हो गई।

किसी भी राज्य का विकास उसके इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास से ही होता है, केजरीवाल ने दिल्ली के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया।उनकी कोशिश यही रही कि जनता को जो मुफ्त पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा की सुविधा मिल रही है, वह मिलती रहे,जनता इससे संतुष्ट रहे। वह उन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप को सच न माने, विकासकार्य न होने की अनदेखी करे। शीशमहल की ओर ध्यान न दे।ऐसा तो हो नहीं सकता था, यही हुआ केजरीवाल खुद को कट्टर ईमानदार कहते रहे लेकिन अब जनता ने मानना छोड़ दिया। जनता ने मान लिया कि यह केजरीवाल पहले वाला ईमानदार केजरीवाल नहीं है, इसलिए जनता ने चौथी बार उनको हरा दिया। उनकी पार्टी को तो हराया ही, केजरीवाल सहित उनके तमाम बड़े नेताओं को भी हरा दिया जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। ऐसे में केजरीवाल को तो हारना ही था।

केजरीवाल को इसलिए भी हारना था कि इस बार दिल्ली की जनता के सामने दो दशक से ज्यादा समय से सीएम, पीएम रहने के बाद ईमानदार पीएम नरेंद्र मोदी थे, केजरीवाल अपनी नैतिक व ईमानदारी की पूंजी मात्र दस साल में गंवा चुके थे और नरेंद्र मोदी ने पिछले बीस साल में अपनी नैतिक व ईमानदारी की पूंजी को बढ़ाया है। देश की जनता जानती है कि पीएम मोदी जिस बात की गारंटी देते हैं वह जरूर पूरी होती है। मोदी की ईमानदारी व मोदी की गारंटी पर दिल्ली की जनता ने यकीन किया और 27 साल बाद दिल्ली को देश की विकसित राजधानी बनाने के लिए भाजपा को जिताया। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतना आसान नहीं था, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा ने अपनी गलतियों को सुधार कर हरियाणा व महाराष्ट्र जिस तरह से जीता था, उसी तरह जीतने की योजना बनाई और अपने जनाधार को बढ़ाया। जो लोग भाजपा को वोट नहीं देते थे उन लोगों तक भाजपा पहुंची और उनको भरोसा दिलाया कि उनको भाजपा केजरीवाल से बेहतर सुविधाएं देंगी। पिछले दो चुनावों की तरह संघ ने भाजपा को चुनाव जिताने के लिए हजारों बैठके कीउसी तरह की बैठके दिल्ली में भी की गईं और लोगों को भाजपा को वोट देने के लिए तैयार किया। इन तमाम बातों का कुल मिलाकर असर यह हुआ कि भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा और वह आप व कांग्रेस को हराने में सफल रही।जब अमित शाह किसी काम को हाथ में लेते हैं तो उस काम में सफलता जरूर मिलती है, दिल्ली फतह करने में पीएम मोदी के साथ ही शाह की भी अहम भूमिका रही है।

कांग्रेस को शुरू से पता था कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव जीत नहीं सकती क्योंकि वह दिल्ली में इतनी कमजोर थी कि यह सोच ही नहीं सकती थी कि वह आप को हराकर अपनी सरकार बना सकती है। जबकि इसी दिल्ली में कभी कांग्रेस ने लगातार 15 साल राज किया है।आज वह इतनी कमजोर है कि एक सीट जीत नहीं पाती है.ऐसा एक बार नहीं छह बार हो चुका है। तीन लोकसभा की तीन विधानसभा में वह एक सीट नहीं जीत सकी है। इस बार माना जा रहा था कि कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ेगी तो पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। उसके सबसे बड़े नेता राहुल गांधी यह तय नहीं कर सके कि इस चुनाव मे उनको हराना किसको है।भाजपा को हराना है या केजरीवाल को हराना है।शुरु में उनको लगा कि भाजपा को हराना चाहिए, भाजपा को हराने के लिए केजरीवाल के खिलाफ नरमी बरतनी पड़ेगी। कुछ दिन नरमी बरती भी, इसका विरोध हुआ पार्टी के भीतर तो आखिरी कुछ दिन राहुल गांधी ने केजरीवाल के खिलाफप्रचार किया लेकिन तब तक देरी हो चुकी थी क्योंकि कांग्रेस को जो नुकसान होना था वह हो चुका था, सबको अंदाजा था कि केजरीवाल को कांग्रेस नुकसान पहुचाएगी तो चुनाव भाजपा जीत जाएगी और हुआ भी यही।कांग्रेस ने आप नेताओं के वोट काटे तो 14 आप नेता चुनाव हार गए और बहुमत भाजपा को मिला। इन नेताओं में केजरीवाल, सिसोदिया,सत्येंद्र जैन, सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज जैसे नेता शामिल थे। अब आने वाले दिनों में आप तो कांग्रेस पर यही आरोप लगाएगी की उसने आप को हराकर भाजपा को जिताया है, इसका गठबंधन की राजनीति पर भी कुछ तो असर पड़ेगा।यानी दिल्ली में आप की हार और भाजपा की जीत से इंडी गठबंधन में नेतृत्व से लेकर खींचतान तो जरूर बढ़ेगी।

# भारतपोल पोर्टल लॉन्च : अपराधियों पर नकेल

डॉ. एस.के. मिश्र

**भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के लिए आपराधिक मामलों में इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए विशेष रूप से भारतपोल पोर्टल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लॉन्च किया गया है।**




यह पोर्टल भारत में आपराधिक घटनाओं के वांछित भगोड़ों के विरुद्ध लाल' तथा अन्य रंग कोडित नोटिस जारी करने के अनुरोधों को सुगम बनाता है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा बनाए गए इस पोर्टल की महत्त्वपूर्ण विशेषता रीयल टाइम इंटरफेस है।

अभी तक इंटरपोल के साथ काम करने वाली एकमात्र एजेंसी सीबीआई होती थी किंतु भारतपोल लॉन्च होने से हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन (इंटरपोल) के साथ जुड़ सकेंगी। पोर्टल और तीन नये आपराधिक कानून विदेश भागे अपराधियों को पकड़ने का मजबूत माध्यम सिद्ध हो सकेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार भारतपोल वास्तविक समय पर सूचना साझा करने और अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहायता तक तेजी के साथ पहुंच को सक्षम करके केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों और राज्यों की पुलिस के बीच इस प्रकार से समन्वय स्थापित करेगा कि अपराधी की तलाश एवं वापसी की प्रक्रिया और भी सुगम हो जाएगी।

गृह मंत्री ने कहा कि नया पोर्टल केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों को इंटरपोल में 195 सदस्य देशों से अपने मामलों की सीधे तौर पर जानकारी साझा करने और उनसे जानकारी प्राप्त करने की अनुमति देगा। नई दिल्ली के भारत मंडपम में संपन्न सीबीआई के अलंकरण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतपोल' की शुरुआत के साथ भारत अंतरराष्टीय जांच में नये युग की शुरुआत कर रहा है। भारतपोल' नेटवर्क के माध्यम से 195 देशों के साथ मादक पदाथरे, हथियारों, मानव तस्करी और सीमा पार के अनेक अपराधों से संबंधित घटनाओं से निपटने के लिए सहयोग संभव हो सकेगा। अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विश्लेषण करने, उन पर लगाम लगाने से संबंधित तथा अपराधियों को पकड़ने में इससे सहयोग मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फिलहाल राज्यों की पुलिस विदेश भाग चुके अपराधियों का पता लगाने और तत्पचात उनके प्रर्त्यापण के लिए केस दर केस फैसला करती हैं। इससे विदेश में रह रहे अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई समय पर सुनिश्चित नहीं हो पाती।

अभी तक राज्यों की पुलिस को विदेश भागे भगोड़े के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस अथवा अन्य नोटिस जारी करने के लिए सीबीआई से ई-मेल, पत्र व्यवहार अथवा फैक्स के माध्यम से संपर्क करना पड़ता था। मामलों के फॉलोअप में भी यही तरीका अपनाना होता था। भारतपोल प्रारंभ हो जाने से यह व्यवस्था बदल जाएगी। इस पोर्टल पर किसी अपराधी के विरुद्ध रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए आवेदन किया जा सकता है, जो सीबीआई की मार्फत तत्काल इंटरपोल तक पहुंच जाएगा। पोर्टल पर ही किसी केस की मौजूदा स्थिति को भी देखा जा सकता है अर्थात देश के सुदूर कोने से भी राज्य पुलिस अथवा कोई अन्य जांच एजेंसी विदेश भागे अपराधी का पता लगाने के लिए सरलता एवं शीघ्रता से इंटरपोल तक पहुंच सकती है। पोर्टल के माध्यम से ऐसे अपराधियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकेगी जो दूसरे देशों में अपराध करने के पश्चात भारत में छिप कर रह रहे हैं। अतः देश की जांच एजेंसियों को भारतपोल का भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए ताकि अपराधियों को ढूंढ लाना संभव हो सके। तीनों आपराधिक कानून लागू होने से अपराधियों के विरुद्ध उनकी अनुपस्थिति में भी ट्रायल करने का रास्ता साफ हो गया है।

उल्लेखनीय है कि आधुनिक तकनीक से बने भारतपोल पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन के 19 प्रकार के डाटा बेस उपलब्ध हैं, जो अपराधों का गहन विश्लेषण अथवा मीमांसा करने, अपराध रोकने और अपराधियों को पकडने में सशक्त सहयोगी सिद्ध हो सकेंगे। वास्तव में वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी पण्रालियों एवं तंत्रों को उन्नत करने की सामयिक आवश्यकता थी और भारतपोल उस दिशा में समयोचित कदम कहा जा सकता है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारतपोल के पांच प्रमुख मॉड्यूल-कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, संदर्भ, प्रसारण और संसाधन-हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को समर्थन देने के लिए तकनीकी मंच प्रदान करते हैं। कनेक्ट के माध्यम से हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियां अनिवार्य रूप से इंटरपोल के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी, नई दिल्ली) के विस्तार के रूप में कार्य करेंगी। यह प्रणाली इंटरपोल नोटिस के अनुरोधों पर त्वरित, सुरक्षित और संरक्षित प्रसारण सुनिश्चित करेगी जिससे भारत के भीतर एवं बाहर अपराधियों का तेजी से पता लगाने के लिए वैज्ञानिक तंत्र सक्षम होगा और समय पर अपराधियों पर नकेल डाली जा सकेगी।

निस्संदेह भारतपोल पोर्टल इंटरपोल डेटाबेस तक पहुंचेगा जिससे अधिकारी डाटा का विश्लेषण करने, अपराध रोकथाम रणनीति विकसित करने और अपराधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से पकड़ने और पता लगाने में सक्षम होंगे। वास्तव में इस दौर में साइबर अपराध की दुनिया में अनवरत उभरतीं चुनौतियों का तीव्रता, निपुणता तथा दक्षता से समाधान करने की प्रणाली की क्षमता को त्वरित गति की जरूरत भी है। निश्चित ही भारत की इस क्षेत्र में पहल क्रांतिकारी परिणाम दे सकेगी जिसमें जांच प्रक्रियाओं को फिर से परिभाषित करने और कानून प्रवर्तन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की क्षमता निहित है। भारतपोल का उद्देश्य इंटरपोल के साथ संवाद को सीधे तौर पर सरल, सुलभ, सक्षम, समयबद्ध और तीव्र गति से सुविधाजनक बनाना है। 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प चरितार्थ करने वाला यह महत्त्वपूर्ण कालखंड भी है। अतः हमें अपनी वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपनी व्यवस्थाओं को अपग्रेड करना होगा। भारत की समृद्धि और सुरक्षा के साधन सम-सामयिक बनाने पर विशेष बल देना होगा ताकि समय रहते समस्या का समाधान संभव हो सके।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# परीक्षा योद्धाओं की नई परिभाषा : परीक्षा के युद्धक्षेत्र से परे

धर्मेंद्र प्रधान

**प्रकृति ने अपनी असीम बुद्धि से प्रत्येक मनुष्य को एक अलग पहचान दी है - हमारी उंगलियों के निशान से लेकर आंखों की पुतलियों तक, हमारे अनुभव से लेकर विचारों तक, हमारी प्रतिभाओं से लेकर उपलब्धियों तक। मानवीय विशिष्टता के बारे में यह गहन सत्य हमारे समाज की विशेषता रही है और हमारी शिक्षा प्रणाली को इस विशेषता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। प्रत्येक बच्चे में कुछ जन्मजात प्रतिभा होती है, कुछ शैक्षिक प्रतिभा से चमकते हैं, अन्य रचनात्मकता के लिए तत्पर होते हैं, कई अन्य एथलेटिक और पेशेवर कौशल से युक्त होते हैं। इस विशिष्टता को दर्शाते हुए, स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था, शिक्षा मनुष्य में पहले से मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है।**

एक बच्चे की प्राकृतिक प्रतिभा को निखारना और उसे उसकी पसंद के शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में रचनात्मक रूप से शामिल करना हमारे शैक्षणिक संस्थानों के सामने कठिन चुनौतियां रही हैं। शिक्षकों और नीति निर्माताओं के रूप में हमारी भूमिका एक बच्चे की अनूठी प्रतिभा को विकसित करना है, जिससे वह चुने हुए लक्ष्य में श्रेष्टता प्राप्त कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने प्रतिभा को परिभाषित करने और उसको विकसित करने के तरीके में एक विलक्षण बदलाव किया है। यह एक दार्शनिक ढांचा है जो वास्तव में हमारे प्रत्येक बच्चे में मौजूद विशिष्टता की सूक्ष्म रूपरेखा का वर्णन कर सकता है जो हमारे देश की उन्नति में योगदान देता है।

हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम शिक्षा में संपूर्ण सुधार लागू कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे की शैक्षिक यात्रा हमेशा रोमांचकारी और यादगार बनी रहे। बच्चे पढ़ाई और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के तनाव और दबाव से मुक्त रहें। यह दृष्टिकोण हमारे शैक्षिक सुधारों का केंद्र है, बुनियादी शिक्षा से लेकर शिक्षा और अनुसंधान के उच्चतम स्तरों तक।

कुछ साल पहले, हमारे युवा शिक्षार्थियों के लिए बाल वाटिका या खिलौना-आधारित शिक्षा ने व्यापक संदेह को आमंत्रित किया होगा। आज, एनईपी की बदौलत, ये अभिनव दृष्टिकोण प्रारंभिक शिक्षा में आमूल परिवर्तन ला रहे हैं, जिससे सीखना कष्टदायक होने के बजाय एक आनंददायक कार्य बन गया है। हमारी नई शिक्षा प्रणाली यह मानती है कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्राकृतिक प्रतिभा के अनुसार विकास करता है।

हमारी क्रेडिट ट्रांसफर नीति जो एक अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट स्थापित करती है, एक और उन्नतिशील कदम आगे बढ़ाती है। यह माना जाता है कि जीवन का मार्ग हमेशा सीधा नहीं हो सकता है, बल्कि इसमें उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं और सीखना विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न गति से हो सकता है। शिक्षार्थी औपचारिक शिक्षा को रोक सकते हैं क्योंकि वे अपनी रुचि के अनुसार काम करते हैं, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं तथा अपने परिवार का समर्थन करते हैं। जब वे औपचारिक शिक्षा में वापस लौटते हैं, तो उनके अपने अनुभव और उपलब्धियां काम आती हैं और इन्हें महत्व दिया जाता है जो उनके क्रेडिट अकादमिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाता है। यह अनुकूलनियता इस बात को जोर देती है कि सीखने के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं, जो लोगों को उनके जीवन के किसी भी मोड़ पर सीखने के पारिस्थितिकी तंत्र में वापस लाते हैं।

सरकार ऐसी संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां परीक्षा में सफलता कभी भी संपूर्ण विकास पर हावी न हो, जिससे हमारे युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान न हो। इस महत्वपूर्ण चुनौती को पहचानते हुए, हमारी सरकार ने परीक्षा से संबंधित तनाव को दूर करने में मदद करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बना दिया है। प्रधानमंत्री की अभूतपूर्व परीक्षा पे चर्चा पहल छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के मूल्यांकन के तरीके को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। छात्रों और अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत ने परीक्षा की चिंता को राष्ट्रीय संवाद में बदल दिया है। उन्होंने पिछले कई वर्षों से परीक्षाओं को लेकर होने वाली चिंता को दूर करने का प्रयास किया है, जो संवेदनशील दिमाग पर अनावश्यक दबाव डालती है।

प्रधानमंत्री के अपने जीवन और अनुभवों से लिए गए व्यावहारिक सुझावों को परीक्षार्थियों ने खूब सराहा है, जिससे उनका परीक्षा में तनाव मुक्त प्रदर्शन आश्वस्त हुआ है। सच्चे नेतृत्व के एक उदाहरण में, हम भारतीयों की भावी पीढ़ी को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी नेता के समर्पण को देख रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है और राष्ट्र की प्रगति की ओर निरंतर अग्रसर होना सुनिश्चित करता है। माता-पिता और समाज तथा नागरिक पर ये परिवर्तन केंद्रित है। परीक्षा पे चर्चा मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षण सहायक, वातावरण के महत्व को उजागर करने में परिवर्तनकारी रही है। यह एक ऐसी मानसिकता है जिसे केवल 10वीं और 12वीं के छात्रों की बोर्ड की कक्षाओं के अलावा सभी कक्षाओं और सभी उम्र के छात्रों में बढ़ावा दिया जाना चाहिए । परीक्षा के समय दबाव और तनाव को दूर करने के सभी चरणों को सिखाया जाना चाहिए।

रवींद्रनाथ टैगोर के बुद्धिमान शब्दों में, बच्चे को अपनी शिक्षा तक सीमित न रखें, क्योंकि वह किसी और समय में पैदा हुआ है। शैक्षिक परिवर्तन के प्रति हमारा दृष्टिकोण इसी ज्ञान से निर्देशित है। यह विचार कि शिक्षा में तनाव अनिवार्य है, इस समझ को बदलने की आवश्यकता है कि वास्तविक शिक्षा पोषण करने वाले वातावरण में पनपती है। जब समुदाय, शिक्षक और परिवार मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं जहां छात्र का विकास हो सकें, तो सफलता अवश्य मिलती है। कक्षा से लेकर खेल के मैदान तक, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों से लेकर अनुसंधान प्रयोगशालाओं तक, हमें ऐसे स्थान बनाने चाहिए जहां अलग-अलग प्रतिभाएं अपनी चमक पा सकें और विकास कर सकें। पारंपरिक एक-आकार-सभी-फिट दृष्टिकोण को बदलने की कोशिश की जा रही है ताकि एक से अधिक सूक्ष्म, उत्तरदायी प्रणाली को रास्ता दिया जा सके जो व्यक्तिगत क्षमता को पहचान सके और उसका विकास कर सकती हो।

जैसे-जैसे हम विकासित भारत की ओर तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं, हमारी शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय परिवर्तन की एक प्रमुख आधारशिला के रूप में खड़ी है। हम मानते हैं कि हर कौशल में योग्यता होती है, हर यात्रा का मूल्य होता है, और हर बच्चे को उत्कृष्टता के लिए अपना अनूठा मार्ग खोजने का अधिकार है। जब हम विविध प्रतिभाओं का पोषण करते हैं, हम अपने समाज के ताने-बाने को मजबूत करते हैं और सभी क्षेत्रों में अपने राष्ट्र की क्षमताओं को बढ़ाते हैं।

आज, मैं अपने महान राष्ट्र के प्रत्येक माता-पिता, शिक्षक और नागरिक का आह्वान करता हूं। शिक्षा का परिवर्तन केवल एक सरकारी पहल नहीं है - यह एक राष्ट्रीय मिशन है जो हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और साझा दृष्टिकोण की मांग करता है। हम अपने लक्ष्यों को तब प्राप्त करेंगे जब सरकार और नागरिक समाज के बीच सहयोग और साझेदारी हमारी नीतियों और कार्यों को परिभाषित करेगी।

हमारे बच्चे हमारा भविष्य हैं। वे अपनी अनूठी प्रतिभा से चमकेंगे और देश को गौरवान्वित करेंगे। एक उज्ज्वल भविष्य हमारा आह्वान करता है। हम मानते हैं कि प्रत्येक बच्चे की अद्वितीयता में भारत के भविष्य की विलक्षणता निहित है। तनाव मुक्त शिक्षा हमारे बेहद प्रतिभाशाली छात्रों के अनुपम योगदान को निखारने की कुंजी होगी।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# संबंधों में बढ़ती हिंसा और असंवेदनशीलता

सोनम लववंशी

तेलंगाना में पूर्व सैनिक गुरुमूर्ति द्वारा अपनी पत्नी माधवी की हत्या और उसके शव के साथ की गई बर्बरता ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न केवल एक जघन्य अपराध की कहानी है, बल्कि समाज में व्याप्त हिंसा की प्रवृत्ति, रिश्तों में बढ़ती असंवेदनशीलता और मानसिक विकृति का भी प्रमाण है।

इस वारदात ने श्रद्धा वालकर की हत्या की यादें ताजा कर दी हैं, जहां उसके कथित प्रेमी ने उसे मार कर शव के टुकड़े कर दिए थे। ऐसी घटनाएं समाज के भीतर गहरी पैठ बना चुकी क्रूरता और रिश्तों में बढ़ती दरारों को उजागर करती हैं। गुरु मूर्ति ने अपनी पत्नी को मारने के बाद उसके शव को टुकड़ों में काट कर कुकर में उबालने और फिर झील में फेंकने जैसा अमानवीय कृत्य किया। यह किसी साधारण अपराध की श्रेणी में नहीं आता। यह घटना हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता और मानसिक अस्थिरता को दर्शाती है। रिश्तों में असहमति होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह असहमति हिंसा का रूप ले लेती है, तो यह समाज के लिए गंभीर चेतावनी बन जाती है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर, ऐसा क्या हो गया है कि रिश्ते अब हिंसा और हत्या की ओर बढ़ रहे हैं। पति-पत्नी के बीच संबंधों को निजी मामला माना जाता है, लेकिन क्या इन संबंधों में मानवता और संवेदनशीलता पूरी तरह खत्म हो चुकी है? गुरुमूर्ति और माधवी के बीच झगड़े पहले भी होते रहे होंगे, लेकिन इन झगड़ों ने हिंसा का ऐसा स्वरूप ले लिया जो किसी भी सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य है। जहां यह दंपति रहता था, वहां के पड़ोसियों को भी इस बात की भनक तक नहीं लगी। यह समाज में बढ़ती एकाकी प्रवृत्ति और पड़ोसियों के बीच संवादहीनता को उजागर करता है। क्या हम इतने आत्मकेंद्रित हो चुके हैं कि हमारे आसपास क्या हो रहा है, इसकी हमें कोई परवाह नहीं? यह घटना केवल एक अपराध नहीं है, बल्कि समाज के लिए दर्पण भी है, जिसमें हमारी सामूहिक संवेदनहीनता साफ झलकती है।

रिश्तों में विश्वास की कमी और संवादहीनता ऐसी घटनाओं की मुख्य वजह बन रही हैं। घरेलू हिंसा के मामले दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं, लेकिन इन्हें रोकने के लिए केवल कड़े कानून पर्याप्त नहीं हैं। इन घटनाओं के पीछे छिपे मानसिक और सामाजिक कारणों को समझना और उनका समाधान खोजना भी जरूरी है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने रिश्तों को सही तरीके से संभाल पा रहे हैं। अगर किसी रिश्ते में समस्या है, तो उसका समाधान संवाद और परामर्श के माध्यम से निकाला जा सकता है। लेकिन जब समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता है, तो वे हिंसा का रूप ले लेती हैं। हमें समझने की जरूरत है कि घरेलू हिंसा केवल व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करती है। माधवी की हत्या का मामला यह भी दर्शाता है कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक तनाव को लेकर जागरूकता की कमी है। हमें समझना होगा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं किसी भी व्यक्ति को हिंसक बना सकती हैं। इस दिशा में सामूहिक प्रयास की जरूरत है, जिसमें परिवार, समाज और सरकार की भूमिका अहम है। गुरु मूर्ति द्वारा किए गए इस अपराध को केवल एक अपराधी की मानसिक विकृति मान कर खारिज नहीं किया जा सकता। यह घटना समाज में व्याप्त गहरी समस्याओं की ओर इशारा करती है। इसे एक उदाहरण बना कर सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए न केवल सख्त कानूनों की जरूरत है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने की भी महती आवश्यकता है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। रिश्तों में बढ़ती हिंसा और असंवेदनशीलता को रोकने के लिए, हमें अपने मूल्यों और व्यवहारों पर पुनर्विचार करना होगा। यह समाज के लिए चेतावनी है कि अगर हम अब भी नहीं जागे तो ऐसी घटनाएं आम हो जाएंगी। गुरुमूर्ति और माधवी का मामला केवल एक घटना मात्र नहीं है, बल्कि समाज के लिए आत्मचिंतन का विषय भी है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागत स्तर पर जोरदार प्रयास किए जाएं।

**( ये लेखक के विचार हैं )**









प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



श्रीकंचनपथ
भिलाई-दुर्ग

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएें
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544



# माघी पूर्णिमा 12 को; सौभाग्य, शोभन और शिव वास योग में स्नान और दान होगा शुभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** महाशिवरात्रि से पहले फरवरी में कई व्रत और त्योहार आ रहे हैं। इसकी शुरुआत 10 फरवरी से हो रही है। 10 को सोम प्रदोष, 12 को माघी पूर्णिमा, 24 को विजया एकादशी और 26 को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इन तिथियों में ग्रह, योग और करण का बढ़िया संयोग बना रहा है। इन तिथियों पर दुर्लभ योग-संयोग बनने से इनका महत्व बढ़ गया है। इस दौरान स्नान, दान, व्रत और उपवास के साथ ही खरीदी बिक्री मांगलिक कार्यों की दृष्टि से कई शुभ योग बन रहे हैं। इन अवसरों का लाभ उठाया जा सकता है।



पंचागों के अनुसार 10 फरवरी यानी सोमवार को प्रदोष व्रत पड़ रहा है। सोमवार और प्रदोष तिथि की वजह से इसका महत्व कई गुना बढ़ गया है। इस दिन पुष्य नक्षत्र भी है। साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग और प्रीति योग भी बन रहा है। शिवार्चन की दृष्टि से यह दिन काफी महत्वपूर्ण है। इसके बाद 12 फरवरी को माघ मास की पूर्णिमा तिथि पड़ेगी। इसे स्नान-दान के लिए विशेष माना जा रहा है। इस दिन सौभाग्य, शोभन और शिव वास योग का संयोग बन रहा है। इन संयोगों की वजह से इसका महत्व कई गुना बढ़ गया है। इसी दिन सूर्य मकर राशि से कुंभ राशि में प्रवेश करेगा। इससे बुधादित्य योग भी बन रहा है। इस दिन नदियों स्नान करने का अलग महत्व है। इसे ध्यान में रखते हुए नदी तटों पर अलग से तैयारी की जा रही है, ताकि स्नान और दीपदान के लिए नदी तट पर आने वालों को किसी तरह की दिक्कतें ना हो। नदियों के तट पर इस दिन मेले भी लगते हैं। इसकी तैयारियां शहर में चल रही हैं। 24 फरवरी को मनाई जाएगी विजया एकादशी 24 फरवरी को विजया एकादशी मनाई जाएगी। इस दिन ग्रहों के संयोजन से सिद्ध योग बन रहा है। आचार्यों के अनुसार इस दिन व्रत रखने और विष्णु भगवान की आराधना करने का विधान है। मान्यता है कि इससे सभी प्रकार के पापों का विनाश होता है, काम आ रही बाधाएं दूर होती हैं और कार्यों में सफलता मिलती है। इस वजह से इसका अपना एक अलग महत्व बन जाता है। इस तरह इस एकादशी का अपना एक अलग महत्व है। इन दिनों कुंभ का दौर चल रहा है। इसके कारण इसका महत्व स्नान और दान की दृष्टि से और अधिक बढ़ गया है।

## खास खबर

### कचरा छांटने वाली महिलाओं ने थैला खरीदकर लोगों को बांटा

**भिलाई।** लोगों को प्लास्टिक थैली का इस्तेमाल नहीं करने के लिए जागरूक करने नगर निगम भिलाई के एसएलआरएम सेंटर में काम करने वाली मणिकंचन स्वास्थ सहायता समूह खुर्सीपार की महिलाओं ने रैली निकालकर लोगों को थैला बांटा गया। उन्होंने अपने पैसे से थैला खरीदकर श्री राम चौक खुर्सीपार मार्केट के सभी लोगों को बांटा। उनसे निवेदन किया गया कि आप लोग दुकान या बाजार जाते समय घर से थैला लेकर निकलें। दुकानों से झिल्ली में सामान मत मांगा करें। महिलाओं ने कहा कि वे नागरिकों के घरों से एकत्रित किए गए कचरे को छांटकर झिल्ली पन्नी इत्यादि को अलग करती हैं। इससे उनको बहुत तकलीफहोती है। लोग एक ही डब्बे में गीला व सूखा कचरा डाल देते हैं। लोगों को समझाने के लिए ही उन्होंने अपने छोटी आय में से बचत करके थैला खरीदा और बांटा। व्यापारियों ने भी उनका सहयोग किया। पार्षद श्याम सुंदर राव, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत माझी, वीरेंद्र बंजारे, समिति के अध्यक्ष मीना सिंह, सचिव भारतीय पखाले, कोषाध्यक्ष दुर्गा साहू, तारिणी देवांगन, रहीम बी, सावित्री बाई, कन्यापुरम, मिशन मैनेजर अमन पटले, शुभम पाटनी, अभिनव शामिल रहे।

### नाले का पानी बिना डायवर्ट किये अच्छे ढंग से निर्माण नहीं किया जा सकता

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आवश्यकता को देखते हुए कर्मा चैंक मोर्या टाकिज से लोहिया पेट्रोल पम्प कृष्णा नगर के मध्य नाले का निर्माण 1 करोड़ 97 लाख की लागत से करवाया जा रहा है। यह नाला पूर्व में 25 साल पहले का निर्मित होने के कारण जीर्णखीर्ण हो गया था। इसके कारण पानी का बहाव ठीक से नहीं हो पा रहा था। विगत बरसात के समय अधिक पानी का वर्षा होने से नाला भरकर उफान में आ गया। इससे सुपेला घड़ी चैंक पर लबालब पानी भर जाने के कारण सड़क व नाल दिखना बंद हो गया था, इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। उसी को देखते हुए नाला अधिक समय तक टीकाउ रहे और व्यवस्थित हो। इसलिए उसके बहाव को डायवर्ट करने की आवश्यकता थी। इसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को लेकर स्वयं गये थे। निर्माण एजेंसी का कहना था कि हमने नाले के बहाव को रोकने के लिए बीच में राष्ट्रीय राजमार्ग के दुसरी तरफपानी को डायवर्ट कर दिया है। इसके लिए बीच में बालू से भरा बोरी रख दिया गया। इसके कारण लददी, मलवा पूरी तरफसे सतह पर बैठ जा रहा है। उपर का पानी पुराने बस डिपो में भरते हुए सब्जी मंडी के रास्ते निकल रहा है। देखने में वह पानी पुरी तरफसे साफ सुथरा लगता है। कुछ लोग इसे पाने का पानी समझ रहे है। यह नाला 2 मीटर गहरा, 2 मीटर चैंड़ा, 1580 मीटर लम्बा निर्माण के साथ-साथ उसके उपर स्लेब से लिन्टर भी किया जायेगा। जिससे भविष्य में कोई दुर्घटना न हो। नाले का सतह पुरी तरह सीमेंटीकरण हो, उसकी बराबर तराई हो और सुख जाने के बाद ही पुराने बहाव को उसमे जोड़ा जा सकता है। नगर निगम भिलाई को इस बात का संज्ञान है, इसलिए पानी को डायवर्ट किया जा रहा है।

# पत्नी प्रताड़ित पुरुषों को टूरा फाउन्डेशन से राहत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** टूरा फाउंडेशन दुनिया भर में सेव इंडियन फॅमिली नामक गैर सरकारी संगठनों का एक हिस्सा है जो लैंगिक सद्भाव की दिशा में काम कर रहा है। इनका पुरे देश में 50 से ज्यादा हलह कार्यरत है। यह जानकारी देते हुए सचिव अध्यक्ष अर्को विश्वास ने बतया कि टूरा फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा पायनियर मोन्यूमेंट, सिविक सेंटर में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई। इस बैठक में दो मुख्य विषयों पर चर्चा की गई।

सबसे पहले संस्था के सचिव अर्धा विश्वास ने सबको सूचित किया कि सेव इंडियन फैमिली समूह द्वारा 19 अप्रैल 2025 को दिल्ली के जंतर मंतर में एक तरफकानून के दुरुपयोग के विरोध में एक सत्याग्रह आयोजित किया जा रहा है। इसका नाम रखा गया है सत्याग्रह फॉर मेन। यह कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा।




सचिव जी ने सभी से निवेदन किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर इस सत्याग्रह में अपना योगदान दे और देश के कानून में सकारात्मक बदलाव लाने की नींव रखने में मदद करें। दूसरा विषय था महिलाओं के लिए बनाए गए कानून जैसे की आईपीसी धारा 498 ए, 304 बी, 375, बीएनएस धारा 85, 69, TURA FOUNDATION घरेलू हिंसा एवं भरण पोषण के दुरुपयोग एवं पुरुषों के बढ़ते आत्महत्या के संदर्भ में। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण कालमेघ ने कहा की दिवंगत अतुल सुभाष जी के मामले के बाद भी पुरुषों के आत्महत्या के कई मामले सामने आए हैं जिन्होंने इन एक तरफ कानून के चलते आत्महत्या कर लिए हैं।

परेशानी यह है की हमारे प्रदेश में भी यह पाया गया है की कुछ न्यायालय में कानून का दुरुपयोग कर रहे महिलाओं को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है इसके लिए वैध न्यायिक प्रक्रिया को ताक में रख दिया जाता है। इसके अलावा कई बार कुछ वकील अपने निजी स्वार्थ के लिए महिलाओं को उकसाते हैं उल्टे सीधे धारा जोड़ने के लिए जिससे की पुरुष को ब्लैकमेल करके उससे वसूली की जा सके इसी कारण कई पुरुष विवश हो जा रहे हैं आत्महत्या करने के लिए। यह हमारे समाज के लिए बिल्कुल भी सही नहीं है पुरुषों के योगदान को समझ जाना चाहिए और उनके समस्याओं का निवारण भी सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। सौरभ बेनर्जी ने बताया कि अतुल सुभाष, ऋषि, डॉ. राज विनोद, भूपेश तथा पुनीत खुराना पत्नी पीड़ित थे। जिन्होंने आत्महत्या कर ली है।

# नगरीय निकाय निर्वाचनः मतदाता की पहचान हेतु 18 प्रकार के दस्तावेज मान्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका के सभी निर्वाचकों को आम निर्वाचन तथा उप निर्वाचन में मतदान केन्द्र पर मत डालने हेतु अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। इन दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी या निमित्त प्राधिकृत मतदान अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।




प्राप्त जानकारी के अनुसार मान्य दस्तावेजों में- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता परिचय पत्र, बैंक/डाक घर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, पेन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य/केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय द्वारा उनके अधिकारी एवं कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान पत्र, केन्द्रीय अथवा राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौंशिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त विकलांगता प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशनकार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान पत्र, फोटो युक्त शस्त्र लाइसेंस तथा छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार साफ्टवेयर एसईसी-ईआर द्वारा ऑनलाईन जनरेट मतदाता पहचान पर्ची शामिल है।

# सामाजिक कार्यक्रमों में अग्रवाल समाज अग्रणी, स्कूल में बाटे स्टेशनरी व ग्रीन मैट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग ।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला शक्तिनगर में बसन्त पंचमी के अवसर पर माता सरस्वती के मूर्ति की स्थापना विधि विधान पूर्वक किया गया। विद्यार्थियों ने यजमान बनकर मंत्रोच्चार के साथ पूजा की विधि को सम्पन्न किया। पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर अग्रवाल महिला समाज दुर्ग के द्वारा ग्रीन मेट कॉपी पेन के साथ बच्चों को चिप्स के पैकेट बांटे गए प्रधान पाठक अवनीश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि त्यौहार के जरिए ही हम अपने संस्कृति व परम्पराओ को जीवित रखते है इसलिये विद्यालय में इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिये। संकुल समन्वयक श्रीमती मधु वर्मा ने भी कार्यक्रम में अपनी



उपस्थिति प्रदान किया। शाला के समस्त स्टाफ श्रीमती शकुंतला ठाकुर, अपर्णा करकशे, चंद्रकाता देवांगन ,सुधा तिवारी यशोदा ठाकुर, सुनीता तिवारी,चंद्रकाता देवांगन ,प्राची ठक्कर का विशेष सहयोग रहा ।

# जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में मेडिकल सेमिनार का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में शुक्रवार दोपहर इनर व्हील क्लब दुर्ग के सहयोग से मेडिकल सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर जय राम अय्यर ने हृदय रोग से संबंधित विषय को लेकर विस्तृत व्याख्यान दिए।

उन्होंने उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शरीर में नाभि के ऊपर होने वाले दर्द को साधारण दर्द या गैस का दर्द समझने की गलती नहीं करनी चाहिए, यह दर्द घातक व जान लेवा भी हो सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को सदैव ही अपने साथ हार्ड अटैक की मेडिकल किट अपने डाक्टर से सलाह लेकर रखना चाहिए।

यदि किसी व्यक्ति को अचानक हार्ड अटैक आता है तो उसे अस्पताल पहुंचने से पहले ही




यह दवा खिला दी जाए तो संभावित मौत के खतरे से उसे बचाया जा सकता है। उन्होंने इस दौरान स्वास्थ से संबंधित जिज्ञासु प्रश्नों के उत्तर भी दिए। संघ के द्वारा श्री अय्यर को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संघ की अध्यक्ष नीता जैन, उपाध्यक्ष,प्रशांत जोशी, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, रविश राजपूत, राजेश मिश्रा,गौरी चक्रवर्ती,मीडिया प्रभारी, दानिश परवेज,अशोक सिन्हा,किशोर यादव, ढाल सिंह देवांगन,अजहर अली, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष सुनीता जैन व अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

# देवांगन समाज कोहका मंडल के द्वारा परमेश्वरी महोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** देवांगन समाज कोहका मंडल के द्वारा परमेश्वरी भवन कोहका में परमेश्वरी महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथियों एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य एवं संत बिरेंद्र देशमुख का उनके योगदान के लिए सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन के प्रतिनिधि एडवोकेट प्रेमचंद देवांगन, देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल देवांगन, कुरूद मंडल अध्यक्ष श्रीराम देवांगन, वरिष्ठ पत्रकार टीएस पिपरिया, भिलाई निगम सभापति गिरवर बंटी साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था रंग झरोखा के डायरेक्टर दुष्यंत हरमुख, प्रसिद्ध गायिका रिंकी देवांगन एवं उनकी टीम के




द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया। समाज द्वारा गायक एवं वादक सहित सभी कलाकारों का सम्मान किया गया।

नाड़ी वैद्य एवं संत बिरेंद्र देशमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें भक्ति के साथ साथ अपने स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने के लिए अपने खान-पान पर नियंत्रण रखना जरूरी है। आजकल के टाक्सिक भोजन के विशैलापन से बचने के लिए पुराने समय में उपयोग आने वाली फूलकांस के बर्तन में भोजन करना चाहिए। इससे चर्मरोग में लाभ मिलता है।

अपने उद्बोधन में अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा ईष्ट देवी माता परमेश्वरी की छत्रछाया में देवांगन समाज फल-फूल रहा है। हमें अपनी संस्कृति एवं संस्कार की रक्षा करते हुए समाज को आगे ले जाना है। समाज के वरिष्ठ शंकरलाल देवांगन ने कहा कि हमारे पुरोधाओं ने कड़ी मेहनत और परिश्रम से समाज को संगठित किया है। उसे हमें बनाए रखते हुए मिल जुलकर आगे बढ़ना है। एडवोकेट प्रेमचंद देवांगन ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सभी एकजुट होकर रहें।

प्रथम सत्र में दुर्ग जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र लिमजे, कैम्प भिलाई मंडल अध्यक्ष भेदूराम देवांगन, संत माताजी, विशेष रूप से उपस्थित हुए। देवांगन समाज कोहका की अध्यक्ष श्रीमती तारा देवांगन, सचिव मुकेश देवांगन, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र देवांगन , महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सीमा देवांगन, सचिव रीना देवांगन सहित पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। महोत्सव की शुरुआत मां परमेश्वरी मंदिर में दीप प्रज्वलन, पूजा अर्चना एवं आरती से हुई। समाज की महिलाओं ने जसगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मनोज देवांगन ने किया।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# गोंदिया आरओआर परियोजनाः रेलवे यातायात में बड़ा बदलाव

## राजनांदगांव-नागपुर तीसरी रेल लाइन परियोजना का हिस्सा, ट्रेन समय के पालन में होगा सुधार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी गोंदिया आरओआर (रेलवे ओवर रेल) परियोजना, जो राजनांदगांव-नागपुर तीसरी रेल लाइन परियोजना का हिस्सा है, जिस पर तीव्र गति से कार्य की जा रही है । इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य रेलवे संचालन को अधिक सुगम, प्रभावी और बाधारहित बनाना है।



यह नई ब्रॉड गेज रेल लाइन गोंदिया और हिरदामाली स्टेशनों के बीच बनाई जा रही है, जिससे जबलपुर से बल्लारशाह तक ट्रेन परिचालन अधिक प्रत्यक्ष और निर्बाध हो जाएगा । इससे हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर ट्रेनों की भीड़भाड़ कम होगी और रेलवे यातायात अधिक संगठित एवं कुशल बनेगा। 230 करोड़ की लागत से निर्मित हो रही इस परियोजना से गोंदिया-हिरदामाली रेल खंड की मौजूदा 16 किमी लंबाई घटकर आधी हो जाएगी । इससे ट्रेन संचालन की गति बढ़ेगी और परिचालन समय में कमी आएगी। फिलहाल जबलपुर-बल्लारशाह रूट की ट्रेनों को गोंदिया स्टेशन यार्ड से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे हावड़ा-नागपुर मार्ग की ट्रेनों को भी क्रॉसिंग के दौरान रुकना पड़ता है। इससे ट्रेन संचालन में अनावश्यक विलंब होती है। आरओआर के शुरू होने से ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी, जिससे समयबद्धता (पंक्चुअलिटी) में बड़ा सुधार होगा । गोंदिया स्टेशन पर ट्रैफिक में कमी आएगी एवं ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी, जिससे यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों का संचालन अधिक कुशल हो जाएगा । साथ ही गोंदिया रेलवे यार्ड पर यातायात का दबाव घटेगा, जिससे रेलवे परिचालन अधिक सुव्यवस्थित और कुशल बनेगा।

यह परियोजना शीघ्र ही पूरी होने वाली है, जिससे इस क्षेत्र में रेलवे यातायात को एक नई दिशा मिलेगी। यह भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत बनाएगी, यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेगी और माल परिवहन में भी तेजी लाएगी। गोंदिया आरओआर परियोजना भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे ट्रेनों की रफ्तार, समयपालन और संचालन क्षमता में अभूतपूर्व सुधार होगा।

## खास खबर...




### कनौजिया साहू समाज के अध्यक्ष बने जगदीश साहू

**रायपुर।** कनौजिया साहू समाज जन कल्याण समिति का प्रथम आम सभा में चुनाव में अध्यक्ष जगदीश प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू, सचिव अशीष साहू, उपसचिव अक्षय कुमार साहू, कोषाध्यक्ष शशिकांत साहू, आम सभा में सर्व सहमति से संगठन सचिव सूर्यकांत साहू, एवं प्रचार सचिव जय प्रकाश साहू निर्विरोध चुने गए। कार्यकारणी सदस्यों में अजय कुमार साहू, रविशंकर साहू, मणिशंकर साहू, प्रद्युम्न कुमार साहू, प्रशांत कुमार साहू, सत्यप्रकाश साव, देवेश कुमार साहू, सुरेश कुमार साहू, राजेश कुमार साहू, विवेक कुमार साहू एवं अरुण प्रकाश साहू चुने गये।

### 2 हजार से ज्यादा वैकेंसी, एक से दो दिन में शुरू हो जायेंगे आवेदन

**रायपुर।** यूपीएससी और एसएससी की तरह ही प्रदेश में भी भर्ती परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी होगा। इसकी शुरुआत व्यापमं करने जा रहा है। सालभर में व्यापमं से कौन-कौन सी परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी इसकी पूरी लिस्ट जारी होगी। इससे युवाओं को पहले ही यह पता चल जाएगा कि इस साल कौन सी परीक्षा होगी और इसके लिए कब से आवेदन भरे जाएंगे। यह कैलेंडर इसी सप्ताह जारी होने की संभावना है। एक साल में 2 हजार से ज्यादा वैकेंसी निकाली जाएगी। इसमें वर्ष 2025 में दिसंबर तक होने वाली परीक्षाओं का उल्लेख होगा। इससे पहले के वर्षों में व्यापमं की ओर से इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक, एग्रीकल्चर, बीएड, डीएलएड, नर्सिंग समेत अन्य की प्रवेश परीक्षा के लिए कैलेंडर जारी होता था। लेकिन इस बार भर्ती परीक्षा को भी शामिल किया गया है। पिछले कुछ समय से अभ्यर्थियों से यह मांग की जा रही थी कि यूपीएससी, एसएससी व दूसरे राज्य में जिस तरह से भर्ती परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी होता है, छत्तीसगढ़ में भी ऐसा किया जाए। अब व्यापमं से यह कैलेंडर जारी हो रहा है। आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के लिए भी कैलेंडर जारी हो सकता है।

### मंत्री ओपी चौधरी ने कवि कुमार विश्वास को जन्मदिन की बधाई दी

**रायपुर।** मंत्री ओपी चौधरी ने कवि कुमार विश्वास को जन्मदिन की बधाई दी। मंत्री ओपी चौधरी ने ङ्ग पोस्ट में लिखा, हिन्दी के अद्भुत साधक, अपनी कविता से सभी का मन मोहित करने वाले नई पीढ़ी के लोकप्रिय हिंदी कवि डॉ. कुमार विश्वास जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। प्रभु श्रीराम से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूँ। कुमार विश्वास की प्रेमभरी हिंदी कविताएं भाषा विज्ञानियों का कहना है कि किसी भी भाषा की उन्नति उसके अधिक से अधिक प्रसार में है। कोई भाषा जितने अधिक लोगों द्वारा बोली जाएगी।

# आयुक्त ने दुर्गा कॉलेज, बीटीआई शंकर नगर, शिक्षा महाविद्यालय व मतदान केन्द्रों का किया अवलोकन

## मतदान दलों के लिए छाया, बैठने की व्यवस्थाओं व मूलभूत सुविधाओं की ली जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 2 के अंतर्गत दुर्गा कॉलेज परिसर के मतदान केन्द्रों, जोन 3 क्षेत्र के तहत बीटीआई शंकर नगर और शासकीय शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल मोवा, आदर्श नगर मोवा स्कूल के मतदान केन्द्रों, सरस्वती कन्या शाला पुरानी बस्ती एवं सामाजिक वानिकी वन मण्डल परिसर के मतदान केन्द्रों में पहुंचकर सभी मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन नगर निगम उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे, जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, शेखर सिंह एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

आयुक्त ने अधिकारियों सहित बीटीआई शंकर नगर के 10 मतदान केन्द्रों, शासकीय शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर के 4 मतदान केन्द्रोँ की व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और वहाँ छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग और रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देशानुसार उपलब्ध करवाई गयी समस्त आवश्यक न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं को देखा. आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सम्बंधित अधिकारियों को सभी मतदान केन्द्रों में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग और रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ( स्थानीय निर्वाचन ) के दिशा-निर्देश अनुसार मतदान दलों हेतु मतदान केन्द्रों में छाया, बैठने की व्यवस्थाओं, सभी आवश्यक न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के कार्यों को प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

### शंकर नगर, भाठागांव के ओवर हेड टैंक की कराई साफ-सफाई

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के जल कार्य विभाग द्वारा शंकर नगर और भाठागांव के 3200 किलोलीटर क्षमता के ओवर हेड टैंक की सील्ट की सफाई का कार्य अभियान पूर्वक करवाया गया।

शंकर नगर और भाठागांव ओवर हेड टैंक में सुबह की नियमित जलापूर्ति करने के पश्चात पानी टंकी की सफाई का कार्य करते हुए सील्ट की सफाई के साथ-साथ कैमिकल ट्रीटमेंट , सभी चैंबरों की सफाई एवं पेंटिंग का आवश्यक कार्य किया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि इस कार्य के लिए पूर्व में नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत सतगुरु एजेंसी और सेफ क्लीन एजेंसी को ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई हेतु नगर निगम जल कार्य विभाग द्वारा अनुबंधित किया गया है। शंकर नगर और भाठागांव के ओवर हेड टैंक में सील्ट की सफाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से शनिवार को सुबह 9 बजे प्रारम्भ कर दोपहर 2 बजे तक पूर्ण कर लिया गया।

# बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल ने किया विद्यार्थियों का सम्मान






श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमलीडीह, रायपुर में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल ट्रस्ट के तहत विगत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विद्यालय स्तर पर कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा में अनुसूचित जाति/जनजाति संवर्ग से सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता दो विद्यार्थियों यथा बालिका वर्ग से पायल ढीढी एवं बालक वर्ग से हुमेश कुमार तांडी को रु 3000-3000 की राशि एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विश्व हिन्दी दिवस 2025 के अवसर पर इसी विद्यालय में आयोजित विविध हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल के डॉ. रमेश कुमार मोहंती, उप महाप्रबंधक-अनुपालन एवं आश्वासन के कर कमलों से सम्मानित किया गया। इन कार्यक्रमों में बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से डॉ आर के मोहंती सहित सुश्री नंदिनी छलवानी मुख्य प्रबन्धक (माँ सं प्र विभाग), सोमेन्द्र यादव, मुख्य प्रबन्धक, राजभाषा, सुभाष बोस, वरिष्ठ प्रबन्धक एवं बलराम डे अधिकारी, (मा सं प्र) विभाग तथा विद्यालय परिवार की ओर से नितिन कुमार तालुकर प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमलीडीह, रायपुर सहित सभी शिक्षकगण, विद्यार्थीगण डीके शर्मा भी उपस्थित रहे। प्राचार्य तालुकर ने विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु बैंक के इस पुनीत कदम की सराहना की और बैंक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक डॉ मोहंती ने भविष्य में भी विद्यालय एवं विद्यार्थियों के भले के लिए बैंक द्वारा यथायोग्य अनुकरणीय पहल करने का आश्वासन दिया ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# देश-दुनिया में नाम करने वाली 'चंद्रमणि' पहुंची मनोहर गौशाला



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजधानी के पंडरी स्थित मनोहरा कपड़े की दुकान के दरवाजे को खोलकर रोजाना पहुंचने वाली 'चंद्रमणि' गौ माता के बारे में तो आप सभी जानते ही होंगे। दुकान के गद्दे में जाकर घंटों अपनी ?बछिया 'चंद्र परी' के साथ बैठने वाली 'चंद्रमणि' अब मनोहर गौशाला खैरागढ़ में शिफ्ट हो चुकी है। उसकी उचित देखभाव के लिए मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने यह पहल की है।

अब चंद्रमणि गौशाला में सभी सुविधाओं के बीच अन्य गौमाताओं के साथ रहेंगी। विशेष बात यह है यहां निर्माणधीन पशु चिकित्सालय का नाम भी इन्हीं गौमाता के नाम से रखा जा रहा है, जिसका नाम चन्द्र मणि गौ चिकित्सा सदन एवं रिसर्च सेन्टर रखा गया है। माना जा रहा है कि ये विश्व में पहला पशु चिकित्सालय है जिसका नाम एक गौ माता के नाम पर होगा।

बता दें कि 'चंद्रमणि' की पहचान अब देश दुनिया तक पहुंच चुकी है। रोजाना खुद से दरवाजे को धक्का मारकर दुकान पहुंचने वाली खबर देश के साथ ही विदेशों में प्रकाशित व प्रसारित हुई। विदेश के लंदन टाइम्स, रशियन टाइम्स, न्यूयार्क टाइम्स के साथ ही देश के नामी चैनल आज तक सहित कई चैनलों में गौ माता की खबर प्रसारित हो चुकी है। करीब 4 सौ मीलियन लोगों ने चंद्रमणि पर बनी खबर को देखा है। इसके अलावा अखबारों में भी खबर प्रकाशित होने के बाद रोजाना बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र से लोग गौ माता को देखने के लिए पहुंचते रहे। गौमाता की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें खैरागढ़ स्थित गौशाला में शिफ्ट किया गया है। यहां भी लोग आकर कामधेनु माता के साथ चंद्रमणि माता के दर्शन का लाभ ले सकते हैं।

# 100 से अधिक श्रद्धालु कुंभ स्नान के लिए रवाना




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर से 100 से अधिक श्रद्धालु बस द्वारा महाकुंभ में स्नान करने हेतु समाजसेवी बिंदिया अग्रवाल की अगुवाही में प्रयागराज के लिए रवाना हुए, इस अवसर पर भाजपा नेता एवं प्रवक्ता राजकुमार द्वारा गुढियारी स्थित दही हांडी मैदान से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं राजकुमार ने श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

हम साथ साथ है फाउंडेशन की अध्यक्ष बिंदिया अग्रवाल ने बताया कि 3 दिन की इस यात्रा में प्रयागराज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में स्नान के पश्चात लेटे हुए हनुमान के प्राचीन एवं विशाल मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ की जनता की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

### रायपुर से जबलपुर के लिए वंदेभारत ट्रेन जल्द

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश का सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। रेलवे जल्द ही रायपुर से जबलपुर तक वंदेभारत ट्रेन की शुरुआत करने जा रहा है, जो रायपुर वाया गोंदिया जबलपुर तक चलेगी। ट्रेन की तैयारियों को लेकर रेलवे ने एक इंटरनल नोटिफिकेशन जारी किया है. ये ट्रेन हफ्ते में 6 दिन जबलपुर-रायपुर-जबलपुर संचालित होगी।

# टेकारी विद्यालय में पेयजल समस्या से जूझ रहा शाला परिवार, नये बोर की मांग



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** ग्राम टेकारी (कुंडा) स्थित विद्यालय परिसर में फरवरी माह के शुरूआत से ही पेयजल की समस्या भयावह होने लगा है। इस परिसर में उच्चतर , उच्च व पूर्व माध्यमिक शाला लगता है। छात्र - छात्राओं, गुरुजनों व कर्मचारी वृंद को मिला शैक्षणिक दिवसों पर यहां 500 शालेय परिवा सदस्य मौजूद रहते हैं। समस्या की भयावहता को देखते हुये शाला विकास समिति, पंचायत व ग्रामीण सभा ने शासन - प्रशासन से अविलंब नया बोर खनन का आग्रह किया है और जनप्रतिनिधियों के चुनावी समर में व्यस्तता के चलते मुलाकात न हो पाने की वजह से मेल से ज्ञापन भेज ध्यानाकर्षण कराया है।

संसदीय क्षेत्र रायपुर व विधानसभा आरंग के अधीन स्थित है यह ग्राम। वर्तमान शैक्षणिक सत्र समाप्त होने में अभी लगभग ढाई माह से अधिक समय बाकी है पर अभी से उठ खड़े हो रहे पेयजल की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण करते जा रहा है। परिसर में स्थित बोरवेल सूख चले हैं। जानकारी मिलने पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष शंकर वर्मा, समिति में मनोनीत सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश साहू, विधायक प्रतिनिधि राजू मनहरे व सदस्यगण, पूर्व अध्यक्ष हुलासराम वर्मा, ग्रामीण सभा अध्यक्ष रामनाथ वर्मा व कोषाध्यक्ष अशोक नायक, सरपंच नंदकुमार यादव सहित किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने परिसर पहुंच स्थिति का जायजा लिया व ग्राम के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय मंत्री केदार कश्यप, क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह साहेब से मुलाकात करने का प्रयास किया पर उनके चुनावी व्यस्तता के चलते मुलाकात संभव नहीं हो पाया। इस स्थिति में श्री शर्मा ने इन तीनों को मेल से ज्ञापन भेज वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुये शाला परिवार के हित में अविलंब नया बोरवेल करवाने का आग्रह किया है।












# थाई स्लिट ड्रेस पहनकर मोनालिसा ने इंटरनेट पर लगाई आग, लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर हुई वायरल

**भोजपुरी से टीवी इंडस्ट्री तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।**

एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिल अवतार इंटरनेट पर आते ही कहर बरपाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छाने लगता है। साथ ही फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने दो डोरी पर टिका बैकलेस गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट एंड ग्लैमरस नजर आ रही हैं। कानों में इयररिंग्स और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

ग्रीन कलर का रिवीलिंग गाउन पहने हुए एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनकी इस हॉटनेस को देखकर लोग उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को फॉलो करते हैं। साथ ही उनके स्टाइलिश अवतार को देखकर फैशन सेंस की चर्चा भी करते हैं।



# आलिया-कैटरीना, श्रद्धा और यामी के साथ नॉमिनेट होना सपना सच होने जैसा: अभिनेत्री नितांशी गोयल



**किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' में अपने किरदार 'फूल' से लोगों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री नितांशी गोयल को आईफा में सर्वश्रेष्ठ मुख्य भूमिका (महिला) पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है।**

अभिनेत्री का मानना है कि आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, यामी गौतम और श्रद्धा कपूर जैसे नामों के साथ नॉमिनेट होना सपना सच होने जैसा है। नितांशी ने कहा, यह नॉमिनेशन मेरी कल्पना से परे है। मैं इस सम्मान के लिए जूरी की वास्तव में आभारी हूं और ऐसे अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ लिस्ट में शामिल किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं, जिन्हें मैं वर्षों से देखती आई हूं।

अभिनेत्री ने कहा, किसी भी चीज से ज्यादा मैं दर्शकों से मिले प्यार और प्रोत्साहन के लिए बहुत आभारी हूं। हर संदेश और हर बार जब कोई मुझे पहचानता है, यह सब मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा, आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, श्रद्धा कपूर और यामी गौतम के साथ नॉमिनेट होना पहले से ही एक सपना सच होने जैसा है और मैं इस पल के लिए यूनिवर्स के प्रति अपना आभार व्यक्त कर सकती हूं।

किरण राव के निर्देशन में बनी 'लापता लेडीज' को पिछले साल ऑस्कर 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया और प्रस्तुत किया गया था। 'लापता लेडीज' दो दुल्हनों की ताकत की कहानी को बखूबी पर्दे पर उतारती है। दोनों ट्रेन में अपने परिवार से अलग हो जाती हैं, दोनों के दूल्हे अलग-अलग होते हैं। गलतफहमी और खास मैसेज के साथ फिल्म की कहानी को पर्दे पर बखूबी उतारा गया है।

'लापता लेडीज' आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी है, जिसकी पटकथा बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है। पटकथा और संवाद स्नेहा देसाई ने लिखा, जबकि अतिरिक्त संवाद दिव्यनिधि शर्मा ने तैयार किया है।

# अमरीश पुरी के पोते वर्धन पुरी और शेखर कपूर की बेटी कावेरी कपूर स्टारर बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी का ट्रेलर आउट

**दिवंगत अभिनेता अमरीश पुरी के पोते वर्धन पुरी और शेखर कपूर की बेटी कावेरी कपूर की अपकमिंग मूवी 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' के ट्रेलर को निर्माताओं ने शनिवार को जारी कर दिया है। वर्धन और कावेरी स्टारर यह फिल्म जुनून, रोमांस के साथ खूबसूरत कहानी को पेश करती है।**

'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' फिल्म कैम्ब्रिज की पृष्ठभूमि पर आधारित है और बॉबी (कावेरी कपूर) और ऋषि (वर्धन पुरी) की खूबसूरत कहानी को दिखाती है, जिसमें कई मुश्किलें, संयोग, प्रेम और कई विचार भी हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए वर्धन पुरी ने कहा, मैं हमेशा से कुणाल सर की फिल्मों का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं और हमेशा से उनके साथ काम करने की इच्छा रखता था। मुझे खुशी है कि 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' में यह इच्छा पूरी हुई। उन्होंने आगे बताया, मुझे याद है कि मैंने हम तुम को इसके रिलीज के दौरान छह बार देखा था और यह फिल्म मुझे आज भी आकर्षित करती है, जो दिखाता है कि उनका निर्देशन और विजन कितना प्रासंगिक और शानदार है। मैं इस तरह की मजेदार फिल्म का हिस्सा बनकर खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं, जिसने मुझे प्यार की ताकत के बारे में बहुत कुछ सिखाया।

अभिनेता ने फिल्म में अपनी को-स्टार कावेरी के साथ काम करने पर भी बात की।



उन्होंने कहा, कावेरी के साथ स्क्रीन शेयर करने का मेरा अनुभव शानदार रहा। वह अपने काम के प्रति ईमानदार हैं और उसमें अतिरिक्त प्रयास करने के लिए तैयार रहती हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारी फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी और डिज्नी प्लस हॉटस्टार के जरिए आपके घरों तक पहुंचेगी। 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' फिल्म का निर्देशन कुणाल कोहली ने किया है। कोहली मुझसे दोस्ती करोगे, हम तुम और हिचकी एंड हुकअप्स जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

कुणाल ने कहा, मैं बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी दर्शकों के सामने पेश करने के लिए उत्साहित हूं। मैं हमेशा से एक ऐसी प्रेम कहानी बनाना चाहता था जो आज की पीढ़ी के साथ जुड़ सके और उनकी दुविधाओं पर रोशनी डाल सके। एक ऐसा व्यक्ति होने के नाते जो सच्चे प्यार को अपना रास्ता खोजने में विश्वास करता है, हम एक टीम के रूप में कला का एक ऐसा टुकड़ा लाने के लिए एक साथ आए हैं, जिससे दर्शक जुड़ सकेंगे। फिल्म के मुख्य कलाकारों वर्धन और कावेरी पर उन्होंने कहा, दोनों में कमाल की एनर्जी है और उन्होंने अपने अभिनय से हमारी कहानी में जान डाल दी। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियोज के तहत ज्योति देशपांडे और प्रोडक्शन हेड क्वार्टर के मोहन नादर ने किया है। बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी 11 फरवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## छावा की एडवांस बुकिंग शुरू, निर्माताओं ने नए पोस्टर के साथ साझा किया अपडेट

इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल छावा को बड़े परदे पर देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। फिल्म अपनी रिलीज से चंद कदम दूर है। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की है। फिल्म छावा 14 फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक ड्रामा




फिल्म है। मेकर्स ने आज फिल्म के पोस्टर साझा किए हैं। इसके साथ लिखा है, छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता और बलिदान की कहानी अब बड़े परदे पर बस पांच दिनों में। एडवांस बुकिंग वर्ल्डवाइड शुरू हो चुकी है।

इसके अलावा मैडॉक के इंस्टाग्राम अकाउंट से रश्मिका मंदाना के भी फिल्म से नए पोस्टर रिलीज हुए हैं। रश्मिका इस फिल्म में येसुबाई के रोल में नजर आएंगी। उनके पोस्टर के साथ लिखा है, एक रानी, एक मां, एक शक्ति जो स्वराज्य के लिए हर अग्नि परीक्षा से गुजरी! इस फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी अहम रोल में हैं।

फिल्म का निर्माण मैडॉक फिल्म्स द्वारा किया गया है, जबकि यश राज फिल्म्स इसके अंतर्राष्ट्रीय वितरण का काम संभालेगी। फिल्म का साउंडट्रैक एल्बम एआर रहमान ने तैयार किया है, जबकि गाने इरशाद कामिल द्वारा लिखे गए हैं। विक्की ने फिल्म में मराठा राजा संभाजी का किरदार निभाया है। यह शिवाजी सावंत के मराठी उपन्यास छावा का रूपांतरण है। लक्ष्मण उटेकर ने फिल्म का निर्देशन किया है। मेकर्स द्वारा साझा किए पोस्ट पर यूजर्स की जबर्दस्त प्रतिक्रिया आ रही है। उनका क्रेज देखते बन रहा है।

## प्राइम वीडियो ने ओरिजिनल सीरीज ग्राम चिकित्सालय की शूटिंग हुई शुरू

**भारत के सबसे पसंदीदा एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने आज अपनी आगामी ओरिजिनल सीरीज ग्राम चिकित्सालय की शूटिंग शुरू होने की घोषणा की। यह सीरीज द वायरल फीवर द्वारा निर्मित की जा रही है, जो अपनी कई पुरस्कार विजेता और दर्शकों की पसंदीदा वेब सीरीज के लिए मशहूर है। यह कॉमेडी-ड्रामा हास्य और भावनाओं से भरपूर एक दिलचस्प कहानी पेश करेगा।**

इस सीरीज में अमोल पाराशर, आनंदेश्वर द्विवेदी, आकाश मखीजा, गरीमा विक्रांत सिंह, विनय पाठक और आकांक्षा रंजन कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। ग्राम चिकित्सालय एक मनोरंजक कहानी है, जो एक शहर के डॉक्टर की यात्रा को दर्शाती है, जब वह एक छोटे से कस्बे के पब्लिक हेल्थ सेंटर में काम करना शुरू करता है। यह सीरीज़ आत्म-खोज, अनपेक्षित दोस्तियों और एक नई जगह में खुद को ढालने की जद्दोजहद से जुड़ी हास्यास्पद परिस्थितियों का शानदार मिश्रण प्रस्तुत करेगी।

फिलहाल प्रोडक्शन चरण में, ग्राम चिकित्सालय जल्द ही प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों के प्राइम मेंबर्स इस मनोरंजक सीरीज का आनंद उठा सकेंगे। इस बहुप्रतीक्षित सफर की और भी रोमांचक जानकारियों के लिए जुड़े रहें।

बता दें, धरातल पर बनी सीरीज पंचायत अपने तीनों सीजन से दर्शकों का दिल चुकी है। अब पंचायत की तरह ग्राम चिकित्सालय भी दर्शकों का दिल जीतने का काम करेगी।



## टमाटर किसे नहीं खाने चाहिए? ये 5 लोग भूलकर न लगाएं हाथ

सब्जी से लेकर पिज्जा तक हर चीज में टमाटर का इस्तेमाल होता है। इससे न केवल सब्जी की ग्रेवी का स्वाद दोगुना हो जाता है बल्कि अलग ही फ्लेवर मिलता है। कुछ लोग सलाद में भी टमाटर खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है टमाटर कुछ लोगों की सेहत कि लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। टमाटर एक एसिडिक फल है। आयुर्वेद के अनुसार किसे टमाटर नहीं खाने चाहिए? आइए जानते हैं इसके बारे में।

### पथरी के मरीज

किडनी स्टोन (पथरी) के मरीजों को टमाटर नहीं खाने चाहिए। टमाटर में ऑक्सलेट होते हैं। इसकी वजह से पथरी का खतरा बढ़ जाता है। अगर आपको किडनी स्टोन है, तो टमाटरों को बिल्कुल न खाएं। अगर आपको पथरी के लक्षण भी नजर आ रहे हैं तो इसे खान से बचें। अगर आपको पहले कभी यह समस्या रह चुकी है, तो भी टमाटर कम खाएं।

### गैस की समस्या

जिन लोगों को गैस की समस्या रहती है, उन्हें भी टमाटर खाने से बचना चाहिए। टमाटर ज्यादा खाने से इन लोगों में गैस की परेशानी बढ़ सकती है, जिसके कारण पेट में दर्द और पेट फूलने की समस्या भी होने लगती है। इसलिए जिन लोगों को गैस बनती है, उन्हें टमाटर नहीं खाना चाहिए।

### हार्ट बर्न

जिन लोगों को एसिडिटी या हार्ट बर्न की समस्या रहती है, तो उसे टमाटर नहीं खाना चाहिए। टमाटर का नेचर एसिडिक होता है। इसलिए इसे खाने से एसिडिटी की समस्या और बढ़ सकती है। खासकर उन व्यक्तियों को जिन्हें जीईआरडी (गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग) या आईबीएस (चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम) है, उन्हें भी टमाटर नहीं खाना चाहिए।

### जोड़ों का दर्द

जिन लोगों को जोड़ों में दर्द रहता है या गठिया की समस्या है, उन्हें सीमित मात्रा में ही टमाटर खाना चाहिए। टमाटर ज्यादा मात्रा में खाने से जोड़ों में सूजन बढ़ सकती है, जिसके कारण दर्द और तेज हो जाता है। इसलिए गठिया के मरीजों को टमाटर का सोच-समझकर ही सेवन करना चाहिए।

### एलर्जी

जिन लोगों को स्किन एलर्जी कि दिक्कत रहती है उन्हें टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिए। टमाटर स्किन एलर्जी और रैशेज को और बढ़ा सकता है। साथ ही, अगर स्किन डिसकलरेशन, यानी स्किन का रंग बदलने की समस्या हो, तो भी टमाटर नहीं खाना चाहिए। इसलिए एलर्जी जब तक नहीं होती, तब तक इसे बिल्कुल न खाएं।

# शरीर की सफाई के लिए पीएं ये डिटॉक्स ड्रिंक्स, रहेंगे स्वस्थ

**सुबह का समय हमारे शरीर के लिए बहुत अहम होता है। यह वह समय होता है जब हम अपने दिन की शुरुआत करते हैं और अपनी सेहत का ख्याल रखते हैं। कई लोग सुबह-सुबह डिटॉक्स ड्रिंक्स पीते हैं ताकि उनके शरीर से विषैले तत्व बाहर निकल सकें, लेकिन क्या वाकई ये ड्रिंक्स असरदार होती हैं? आइए कुछ ऐसी डिटॉक्स ड्रिंक्स के बारे में जानते हैं, जो आपके शरीर को साफ करने समेत कई अन्य स्वास्थ्य लाभ दे सकती हैं।**



### नींबू पानी पिएं और ताजगी महसूस करें

नींबू पानी एक सरल और प्रभावी तरीका है, जिससे आप अपने दिन की शुरुआत कर सकते हैं। इसमें विटामिन-सी भरपूर मात्रा में होता है, जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ा सकता है और त्वचा को निखारता है। एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़कर पीने से आपका पाचन तंत्र भी बेहतर होता है। यह आपके शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करते हैं।

### अदरक-शहद का मिश्रण आजमाएं

अदरक और शहद का मिश्रण भी एक बेहतरीन डिटॉक्स ड्रिंक हो सकता है। अदरक में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो सूजन कम करने में मदद करते हैं, जबकि शहद प्राकृतिक मिठास के साथ-साथ ऊर्जा भी प्रदान करता है। इसे बनाने के लिए, एक कप गर्म पानी में थोड़ी-सी अदरक कदूकस करके डालें और उसमें एक चम्मच शहद मिलाएं। यह मिश्रण आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देता है और आपको स्फूर्ति प्रदान करता है।

### खीरे-पुदीने का जल बनाएं

खीरा और पुदीना दोनों ही ठंडक देने वाले तत्व होते हैं, जो आपके शरीर को अंदर से ठंडा रखते हैं। खीरे का जल बनाने के लिए कुछ खीरे के टुकड़े काटकर उन्हें पानी में डालें और उसमें कुछ पुदीने की पत्तियां मिलाएं। इसे रातभर फ्रिज में रखें ताकि सभी तत्व अच्छी तरह मिल जाएं। सुबह इस जल को पीने से आपका पेट साफ रहता है और त्वचा पर निखार आता है।

### हल्दी वाला दूध पीकर देखें

हल्दी वाला दूध या गोल्डन मिल्क आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से बहुत फायदेमंद माना जाता रहा है। हल्दी प्राकृतिक एंटीसेप्टिक होती है, जो संक्रमणों से लड़ती है, जबकि दूध कैल्शियम प्रदान करता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा होता है। इसे बनाने के लिए गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर रातभर छोड़ दें या सुबह-सुबह इसका सेवन करें ताकि आपका शरीर विषैले तत्वों से मुक्त रहे और आपकी प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहे।।

### नारियल पानी पिएं

नारियल पानी प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स का बेहतरीन स्रोत है। इसमें पोटैशियम जैसे मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करते हैं। नारियल पानी पीने से आप तरोताजा महसूस करते हैं और यह आपकी त्वचा को निखारता है। रोज सुबह खाली पेट इसे पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ सकता है, जिससे शरीर की ऊर्जा बनी रहती है। यह आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है और आपको दिनभर सक्रिय बनाए रखता है।

# रायपुर निगम चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी किया अटल विश्वास पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को प्रदेश के नगरीय निकाय जनघोषणा पत्र की तर्ज पर रायपुर नगर निगम के लिए अटल विश्वास पत्र जारी किया। इस दौरान आयोजित पत्रकार वार्ता में नगर निगम चुनाव रायपुर प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम,भाजपा सांसद व रायपुर नगर निगम चुनाव संयोजक बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर विधायक व नगर निगम चुनाव सह संयोजक राजेश मूणत, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रफुल्ल विश्वकर्मा व प्रदेश भाजपा मीडिया सहप्रभारी अनुराग अग्रवाल उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और सभी विधायकगण ने रायपुर नगर निगम का अटल विश्वास पत्र जारी कर संकल्प व्यक्त किया कि रायपुर नगर निगम क्षेत्र को विकसित बनाने के लिए निधि और योजनाओं की कमी नहीं होगी। चारों विधायक वचन देते हैं, राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ राजधानी को दिलवाएंगे, नगर निगम रायपुर को स्मार्ट शहर बनाने के लिए अपना पूरा योगदान देंगे। सभी ने रायपुर शहर में भाजपा के ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने और शहर को विकसित बनाने के लिए ईवीएम में दो नंबर कमल निशान बटन दबाकर भाजपा की मेयर प्रत्याशी मीनल चौबे को भारी से भारी मतों से जिताने की अपील की।

अग्रवाल ने कहा कि भूमि स्वामी पट्टा और शहरी क्षेत्रों में पीएम सहित अटल विश्वास पत्र के सभी वादों को पूरा करेंगे। महिलाओं के नाम पर दर्ज सम्पत्ति के कर में 25 फीसदी छूट के अलावा शहर में ड्रेनेज की समस्या दूर करना, शारदा चौक सहित अन्य सड़कों को बढ़ रही आबादी के हिसाब से चौड़ीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रायपुर में ट्रैफिक्र की समस्या को दूर करने के लिए इंटरनेशनल एजेंसी के माध्यम बड़ी कार्ययोजना बनाई जाएगी।

मंत्री राम विचार नेताम ने कहा नगर निगम के अटल विश्वास पत्र में रायपुर को विकसित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएँ लागू होंगी। शहरी क्षेत्रों के गरीबों के लिए पीएम आवास सहित जनकल्याणकरी योजनाओं को मूलभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने का संकल्प है। जनता ने कांग्रेस के कुशासन और निगम में हुए भ्रष्टाचार को देखा है, इसलिए हम नगर निगम को भ्रष्टाचार मुक्त बनाएंगे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि रायपुर नगर निगम के अटल विश्वास पत्र में शहर के विकास के सभी बिंदु शामिल हैं।

इसमें शहर में पार्किंग, तालाबों का संरक्षण और सौंदर्यीकरण, सभी नगर निगम के जोनों में चौपाटी की व्यवस्था, जनसमस्याओं के समाधान के लिए ट्रोल फ्री नंबर, रायपुर को स्वच्छ बनाने हेतु स्वच्छता कमेटी, वार्डों और सावर्जनिक स्थलों पर फ्री टॉयलेट सहित अनेक मूलभूत सुविधाओं बनाने हेतु विकास के बिंदु शामिल हैं।

### रायपुर नगर निगम के लिए जारी अटल विश्वास पत्र में ये हैं प्रमुख विकास के संकल्प

- तात्यापारा-शारदा चौक चौड़ीकरण समयबद्ध तरीके से 6 माह में पूर्ण कर यातायात को सुगम करेंगें।
- तालाबों का संरक्षण एवं सौन्दर्याकरण किया जायेगा।
- सभी जोन के अंतर्गत चौपाटी का निर्माण किया जाएगा।
- मुख्य मार्ग एवं सड़कों मे लगने वाले बाजारों को जन सुविधा का ध्यान रखते हुए व्यस्थित किये जाएंगे।
- रायपुर नगर पालिक क्षेत्र अंतर्गत उद्योग भवन राजेन्द्र नगर, सरोना, तेलीबांधा, में फ्लाई ओवर का निर्माण कर यातायात सुगम एवं व्यवस्थित होगा।
- हर घर शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराया जाएगा
- टोल फ्री सेवाओं पानी, सफाई, स्ट्रीट लाईट जैसे अन्य मूलभूत सेवाओं को जीरों टालरेंस की नीति से निराकरण किया जाएगा।
- रायपुर शहर से प्रत्येक जोन अंतर्गत उपलब्ध भूमि को चिन्हित कर खेल मैदान एवं उद्यान के रूप में विकसित कर जनता को समर्पित किया जायेगा।
- खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन हेतु खेल एकाडमी की स्थापना की जायेगी
- रैन बसेरा को सर्व सुविधा युक्त किया जायेगा।
- नगर निगम अंतर्गत बाग बगिचा में बापू की कुटिया एवं ओपन जिम की उचित रखरखाव करेंगे।
- अंतिम संस्कार की प्रक्रिया सम्मानजनक हो, इस हेतु मुक्ति धाम में नियमित सफाई, शेड, प्रकाश पानी, जनसुविधा का समुचित व्यवस्था करेंगे।
- नागरिकों की सुरक्षा हेतु सार्वजनिक एवं सड़क पर घुमने वाले पशुओं एवं कुत्तों से बचाव के लिये विशेष एवं ठोस कदम उठाये जाएंगे एवं रायपुर को रेबिज मुक्त शहर बनाया जायेगा।
- 'माय सिटी ऐप' लांच कर प्रत्येक जोन कार्यालय में एकीकृत सेवा केन्द्र की स्थापना करेंगें। जिससे सरकार की जन कल्याणकारी योजना को जनता तक पहुंचाया जा सके।

## मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के 100 मीटर के भीतर किसी प्रकार की मतयाचना, प्रचार प्रतिबंधित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा उपरांत आदर्श आचरण प्रभावशील है। राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। उन्होंने मतदान दिवस 11 फरवरीको कोरबा जिलें में मतदान प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मतदान दिवस तक सार्वजनिक सभा, रैली एवं रोड़ शो एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित किया है।

अजीत वसंत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेष पारित किया है कि जिलें के नगरीय निकाय क्षेत्रों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बंदूक, पिस्टल, रायफल, रिवाल्वर, तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छूरा, कुल्हाडी, बरछी, गुप्ती, त्रिशूल, खुकर, सांग एवं बल्लम अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान आम सड़क रास्ता सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर लेकर नही चलेगा।कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति सशस्त्र जुलूस नहीं निकलेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। बल्क एस. एम. एस. एवं फोन कॉल करना भी प्रतिबंधित रहेगा।यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नही होगा जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा निःषक्त होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता हैं।

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदान हेतु नियत तिथि 11 फरवरी को मतदान समाप्ति के समय से 48 घण्टे पहले एवं एक दिन बाद तक अर्थात् 09 फरवरी शाम 05 बजे से 12 फरवरी तक समूह में या 05 से अधिक व्यक्तियों को एक साथ इकट्ठा होने/आने-जाने की अनुमति नहीं होगी। कोरबा जिलें के नगरीय निकाय क्षेत्रों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा, न ही कोई धरना देगा। मतदान दिवस को मतदान केन्द्रों के 100 मीटर के भीतर किसी प्रकार की मतयाचना/प्रचार प्रतिबंधित रहेगी।

## महिलाओं को मिली बड़ी जिम्मेदारी संभालेंगी मतगणना की जिम्मेदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** लोकतंत्र के महापर्व में इस बार भी महिला शक्ति की विशेष भूमिका देखने को मिलेगी। आगामी चुनावों में मतगणना की प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष रूप से संचालित करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस के मार्गदर्शन में जिले के अंतर्गत नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य का सम्पादन विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचन की मतगणना की भांति इस बार भी महिला कर्मचारियों के द्वारा किया जाएगा। उक्त मतगणना कार्य को बेहतर ढंग से सम्पादित करने के लिए रविवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में उक्त मतगणना दलों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा मतगणना दलों को मतगणना सम्बन्धी विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि नगर पालिक निगम जगदलपुर आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा स्थित मतगणना केन्द्र में और नगर पंचायत बस्तर के निर्वाचन हेतु मतगणना बस्तर डाइट केंद्र में 15 फरवरी को होगी।

राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा मतगणना केंद्रों पर मतगणना दलों में महिला कर्मियों को शामिल किया गया है। जिसके तहत मतगणना अधिकारी, मतगणना सहायक और पर्यवेक्षक के रूप में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जिले में पिछले चुनावों में भी महिला कर्मचारियों ने अपनी कुशलता और निष्ठा से मतगणना प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया था। प्रशासन का मानना है कि महिलाओं की भागीदारी से मतगणना केंद्रों पर अनुशासन और पारदर्शिता बनी रहती है। इस पहल को लेकर मतगणना दलों के महिला कर्मचारियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। उनका कहना है कि यह जिम्मेदारी उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती है और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी दर्शाती है। महिला अधिकारियों के इस बढ़ते दायित्व से यह साफ हो जाता है।

## लीजेंड 90 लीगः दिल्ली की जीत में चमके शिखर

**रायपुर।** रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित लीजेंड 90 लीग के चौथे दिन का पहला मैच जहां दिल्ली रॉयल्स ने रॉयल अंदाज में जीता, तो दूसरे मैच में दुबई जाइंट्स ने भी गुजरात को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की।



रविवार शाम 4 बजे से शुरू हुए पहले मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बिग बॉयस की टीम दिल्ली रॉयल्स की गेंदबाजी के आगे पूरी तरह से नतमस्तक नजर आई, हालांकि नमन शर्मा (37) और अमरदीप सोनकर (32) ने महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम को 100 के पार जरूर पहुंचाया, लेकिन बाकी किसी खिलाड़ी से साथ न मिलने के कारण उनकी टीम निर्धारित 15 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 115 रन ही बना सकी। 116 रनों का पीछा करने उतरी दिल्ली रॉयल्स ने अपना आक्रामक अंदाज जारी रखते हुए पहले विकेट के लिए 97 रन जोड़े। जिसमें शिखर धवन ने पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 23 गेंदों पर नाबाद 50 रन, तो उनका साथ निभाने आए सिमन्स ने भी अपनी फॉर्म जारी रखते हुए 29 गेंदों पर ताबड़तोड़ 57 रन बनाए। उनकी पारी में छह चौके और चार छक्के शामिल थे। छक्के के साथ पचासा और टीम की जीत तय करने के लिए शिखर को प्लेयर ऑफद मैच चुना गया। बात गेंदबाजों की जाए तो दिल्ली खेमा आज पूरी तरह से लय में दिखा, अनुरीत सिंह ने जहां दो विकेट लिए तो परविंदर अवाना, लखविंदर सिंह, बिपुल शर्मा और राजविंदर सिंह के खाते में भी एक-एक विकेट रहा। दुबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और वह उनके काम भी आया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और पहले ही ओवर में इशूरू उडाना ने कैमरून डेलपोर्ट को शून्य के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। जिसके बाद चिराग गांधी नाबाद (48) और थिसारा परेरा (42) ने टीम को संभालते हुए चार विकेट के नुकसान पर 137 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन दुबई के लिहाज से शायद यह कम रह गया। रनों का पीछा करने उतरी दुबई आज अलग ही अंदाज में नजर आई। पिछले 2 मुकाबले हार चुकी दुबई के सलामी बल्लेबाज और कप्तान रिचर्ड लेवी ने 200 के स्ट्राइक रेट से 34 रन बनाकर टीम को मजबूत शुरुआत दी। जिसके बाद किथुरुआन विथांगे (26) और ब्रैंडन टेलर ने 25 गेंदों में 47 रन बनाकर 7 विकेट से इस मुकाबले को जीत लिया। 3 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लेने के लिए शौरिन ठक्कर को प्लेयर ऑफद मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

## कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आज 9 फरवरी को जिला मुख्यालय राजनांदगांव के 16 परीक्षा केन्द्रों में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।



परीक्षा को सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्वयं परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय कौरिनभाठा राजनांदगांव, श्री गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव परीक्षा केन्द्र में पहुंचकर परीक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों एवं परीक्षा कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अमीय श्रीवास्तव से सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों की उपस्थिति एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल सहित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष एवं परीक्षा कार्य में लगे अधिकारी उपस्थित थे।

डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अमीय श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 के लिए जिला मुख्यालय में 16 परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई।

आयोजित परीक्षा अंतर्गत प्रथम पाली के कुल 6346 परीक्षार्थियों में से 4567 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं 1779 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में 4497 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 1849 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अमीय श्रीवास्तव ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध की गई थी। सभी परीक्षा केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल, प्रकाश सहित सभी अन्य आवश्यक व्यवस्था की गई थी।

## लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनिए और मतदान अवष्य करिए - अजीत वसंत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने कोरबा जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में लोकतंत्र के महापर्व में षामिल होकर अपनी भागीदारी अवष्य सुनिष्चित करें। उन्होंने कहा है कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए हर मतदाता का वोट अमूल्य है। मतदान का अवसर एक निष्चित अवधि में मिलता है, इसलिए इस महत्वपूर्ण अवसर को बिना गंवाए नगरीय निकाय के महापौर/अध्यक्ष एवं पार्षद निर्वाचन हेतु 11फरवरी दिन मंगलवार को मतदान केंद्रों में सुबह 08 बजे से षाम 05 बजे तक अपने मताधिकार का उपयोग करें। कलेक्टर ने मतदाताओं को जागरूक होकर जिले में निष्पक्ष व पारदर्षी तरीके से शषांति पूर्ण मतदान की अपील की है।

उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का मत अमूल्य है तथा मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। जब मतदान के लिए जायें तो अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक कार्ड) एवं फोटो युक्त मतदाता पर्ची अवश्य लेकर जायें। मतदान केंद्र में इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन के माध्यम से आप अपने पसंद के प्रत्याशी को चुनने के लिए वोट कर सकते हैं। उन्होंने कहा है कि मतदान दिवस के दिन मतदातागण मतदान के लिए समय निकालकर अपने क्षेत्र के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों में उपस्थित होकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। अपने नगर जिला, राज्य एवं देश की खुशहाली के लिए एवं सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए शत प्रतिशत मतदान का होना अपेक्षित है।

## प्रेक्षक की देखरेख में पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ ईव्हीएम का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले में नगर निकाय चुनाव 2025 के तहत चुनाव आयोग द्वारा नामित प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी की देखरेख में आज नगर पंचायतों को ईव्हीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) का सफलतापूर्वक वितरण किया गया। इस प्रक्रिया में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। ईव्हीएम मशीनों की गिनती के अनुसार वितरण किया गया, ताकि हर नगर पंचायत के चुनाव की तैयारी पूरी हो सके। यह वितरण 07 फरवरी को कृषि उपज मंडी में ईव्हीएम की कमिशनिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज 09 फरवरी कों दोपहर मे किया गया। अधिकारियों ने इस दौरान विशेष रूप से ध्यान दिया कि चुनाव संबंधी सभी प्रक्रियाएँ निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी रहें।

प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी ने ईव्हीएम वितरण की प्रक्रिया की निगरानी करते हुए इसे संतोषजनक और सुव्यवस्थित बताया। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की, जो जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी ने इस बात को और मजबूती दी कि ईव्हीएम मशीनों का वितरण निष्पक्षता के साथ हुआ है और कोई गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं है। नगर पंचायतों में होने वाले चुनावों के लिए अब सारी तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं, जिससे जिले में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद की जा रही है।


चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan


ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### हल्दी रस्म के दौरान युवक की मौत, नशे में था

**कोरबा।** शादी कार्यक्रम में हल्दी की रस्म के दौरान देर शाम नशे में पहुंचे एक युवक का शव सुबह भवन के पास संदिग्ध परिस्थिति में मिला। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। मानिकपुर चौकी क्षेत्र में मुड़ापार हेलीपेड के नजदीक एक समाजिक भवन में शादी कार्यक्रम चल रहा है। शनिवार को वहां हल्दी की रस्म थी, जहां देर शाम भीड़ के बीच एक युवक पहुंचा, जो नशे में था। मेजबान परिवार ने मेहमान होने की सोचकर उसपर ध्यान नहीं दिया। युवक ने वहां खाना खाया और भवन के पास घूम रहा था। रविवार सुबह मेजबान परिवार के लोगों को भवन की दीवार के पास वह पड़ा हुआ नजर आया। नशे में सोने की सोचकर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। बाद में जब देर तक वह नहीं उठा तो उसे उठाने का प्रयास किया गया, तब उसके मृत होने का पता चला। घटना की सूचना मानिकपुर पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### राजनांदगाव में महिला प्रिंसिपल को छेड़ा, सहायक शिक्षक सस्पेंड

**राजनांदगांव।** महिला प्रधान पाठक से छेड़खानी करने वाले सहायक शिक्षक विष्णु शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षक विष्णु शर्मा के खिलाफ 30 जनवरी को तुमड़ीबोड़ थाने में छेड़खानी की शिकायत दर्ज हुई है। इसके बाद शिक्षा विभाग के संभागीय कार्यालय से विष्णु शर्मा को निलंबित करने का आदेश जारी हुआ है। शिक्षक विष्णु डोंगरगांव ब्लॉक के दीवानभेड़ी स्कूल में पदस्थ हैं। वहीं छग शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष भी है। जिन पर ब्लाक की एक महिला प्रधान पाठक ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। शिक्षक द्वारा प्रधान पाठक को निलंबित करवा देने की भी धमकी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर तुमड़ीबोड़ थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। लेकिन अब तक आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### इच्छापुर में पोल्ट्री फार्म से 200 मुर्गियां व 30 कैरेट अंडे की चोरी

**कांकेर।** ग्राम इच्छापुर स्थित एक पोल्ट्री फार्म से चोरों ने 200 मुर्गियां और 30 कैरेट अंडों की चोरी कर फरार हे गये। सीसीटीवी फुटेज की जांच में पता चला कि बीती रात करीब 12 बजे तीन अज्ञात चोर फार्म में घुसे और चोरी को अंजाम दिया। जिसके बाद फार्म के मालिक मनोज जायसवाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

मनोज जायसवाल ने बताया कि शुरुआत में मुर्गियों की संख्या में कमी का महज एहसास हुआ था, लेकिन धीरे-धीरे यह स्पष्ट हो गया कि यह चोरी का मामला है। फार्म के मालिक ने बताया कि आज रविवार सुबह जब वे फार्म पहुंचे, तो 200 मुर्गियां और करीब 10 कैरेट अंडे गायब थे। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है और स्थानीय मुर्गी विक्रेताओं से भी जानकारी जुटाई जा रही है। एफआईआर दर्ज कर जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में बड़ा नक्सल ऑपरेशन : मारे गए नक्सलियों के शव पुलिस लाइन लाए गए

## सुरक्षाबलों की सफलता से सरकार भी खुश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन को लगातार सफलता मिल रही है। रविवार को बीजापुर में हुई मुठभेड़ में 31 नक्सलियों को मार गिराया गया। रविवार देर शाम तक मुठभेड़ में मारे गए 31 नक्सलियों के शवों को बीजापुर पुलिस लाइन लाया गया। साथ ही शहीद जवानों के शव भी लाए गए। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इस की पुष्टि की है। शहीद जवानों का आज अंतिम संस्कार होगा। इधर सुरक्षा बलों की सफलता से सरकार भी खुश है। सीएम साय ने जवानों की सफलता की सराहना की और 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों का पूरी तरह से सफाया करने का संकल्प भी दोहराया।

बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार सुबह जिस नेशनल पार्क के कोर क्षेत्र में मुठभेड़ हुई है। दरअसल वहां मद्देड़ एरिया कमेटी, तेलंगाना स्टेट कमेटी एवं नेशनल पार्क एरिया कमेटी के बड़े नक्सलियों का जमावड़ा रहा। इसी सूचना के आधार पर डीआरजी, एसटीएफ के करीब 650 से ज्यादा जवानों की पार्टी को लेकर तीन तरफ से रवाना किया गया था। इसके बाद हुई मुठभेड़ में जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया। वहीं इस मुठभेड़ में डीआरजी एचसी नरेश धुर्व, भाटा पारा, बालोद और एसटीएफ, कांस्टेबल वासित रावटे, डोंडी बालोद शहीद हो गए। वहीं डीआरजी कांस्टेबल जग्गू कलमू और एसटीएफ कांस्टेबल गुलाब मंडावी घायल हैं। इन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया जहां इनका इलाज जारी है। इधर घायल जवानों के संबंध में रायपुर एसएसपी लाल उमेद सिंह ने बताया कि दोनों जवान खतरे से बाहर हैं। एक जवान का पैर जख्मी है। जबकि दूसरे जवाने के सिर और छाती में चोट है।



### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जवानों को बधाई दी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मुठभेड़ की सफलता पर जवानों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गयी है। मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में आज हमने अपने दो बहादुर जवानों को खोया है। यह देश इन वीरों का सदा ऋणी रहेगा। शहीद जवानों के परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ। साथ ही पुनः यह संकल्प दोहराता हूँ कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न गंवानी पड़े।

## नक्सलवाद के खात्मे की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़, सीएम साय बोले- मार्च 2026 तक प्रदेश नक्सलवाद मुक्त होकर रहेगा

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफमिली बड़ी सफलता को नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के लक्ष्य के लिए एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि बस्तर अब गनतंत्र से गणतंत्र की ओर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व को इस सफलता की बुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मार्च 2026 तक हमारा प्रदेश नक्सलवाद मुक्त होकर रहेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शी नीति और प्रभावी रणनीति के कारण सुरक्षाबलों को लगातार सफलता मिल रही है और हम लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों द्वारा आज मुठभेड़ में 31 नक्सलियों के मारे जाने को एक बड़ी सफलता करार दिया और वीर जवानों की बहादुरी को नमन किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल के जवानों ने नक्सलियों के गढ़ में घुसकर जिस प्रकार इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, वह उनकी असाधारण वीरता और रणनीतिक दक्षता को दर्शाता है। उन्होंने इस मुठभेड़ में दो वीर जवानों की शहादत और दो अन्य जवानों के घायल होने पर गहरा दुख व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब निर्णायक मोड़ पर है। नक्सलवाद की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, और अब प्रदेश में केवल विकास, शांति और सुरक्षा का वातावरण स्थापित होगा। हम 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से पूर्णतः मुक्त कर देंगे। यह केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता और प्रदेश के हर नागरिक से किया गया वादा है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध सुरक्षाबलों की सफलता और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से अब बस्तर में सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की दस्तक सुनाई दे रही है।


# दूध व्यापारी पर फायरिंग करने वाले अरेस्ट, कट्टा व कारतूस किया जब्त



**कोरबा (ए.)।** एक फैक्ट्री में दूध देने गए विक्रेता पर एक युवक ने कट्टा से फायरिंग की। दूध विक्रेता ने किसी तरह अपनी जान बचाई। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी व उसके दो नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया है।सिविल लाइन रामपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति दूध विक्रेता है, जो घंटाघर पुष्पलता उद्यान के पास स्थित एक डेयरी के पीछे फैक्ट्री में शनिवार शाम को दूध देने पहुंचा था, जहां मूलतः यूपी के रायबरेली जिला निवासी हिमांशु यादव पहुंचा। उसने हाथ में कट्टा रखा था, जिससे दूध विक्रेता पर फायरिंग कर दिया।

इससे पहले उसके हाथ में कट्टा देखकर दूध विक्रेता ने फैक्ट्री का गेट बंद कर खुद को बचाया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तब तक आरोपी हिमांशु अपने नाबालिग साथियों के साथ मौके से फरार हो गया था। सिविल लाइन पुलिस व सायबर सेल की टीम उसकी तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर रविवार को मुख्य आरोपी हिमांशु को पकड़ा गया। उसके कब्जे से प्रयुक्त कट्टे समेत 4 कारतूस बरामद किया गया। घटना में शामिल दो नाबालिग को भी पकड़ा गया, जिनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की गई। आरोपियों में शामिल विधि से संघर्षरत एक नाबालिग पर हत्या के प्रयास का एक मामला सिविल लाइन थाने में दर्ज है।

## आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा, चार अस्पताल को नोटिस जारी





**बिलासपुर (ए.)।** लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी केंद्र सरकार की महती आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा सामने आया है। स्वास्थ्य सचिव के निर्देश पर राज्य स्तरीय टीम ने निजी अस्पतालों में की गई छापेमारी के बाद सामने आई गड़बड़ी पर बिलासपुर के नोबल, महादेव, शिशु भवन और एलाइट हॉस्पिटल को नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के इन अस्पतालों की ओर से मरीज के इलाज के नाम पर करोड़ों रुपए के फर्जी क्लेम किए गए। आयुष्मान योजना के तहत गरीब महिलाओं के प्रसव के दौरान जन्म लेने वाले स्वस्थ बच्चों को कुपोषित दिखाकर सरकार से ज्यादा पैसे लिए गए। बताया जा रहा है कि फर्जीवाड़ा का खुलासा होने के बाद से स्वास्थ्य विभाग ने 28 अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जिनमें से 15 अस्पतालों को आयुष्मान योजना से डी- इम्पैनल किया गया है। इसी तरह 8 हॉस्पिटल को 6 और तीन महीने के लिए सस्पेंड किया गया है। जबकि 5 अन्य हास्पिटल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# रशियन गर्ल मामले में पुलिस का बड़ा खुलासा घटना में घायल तीन युवकों में एक की मौत

## लड़की निकली विदेशी सेक्स रैकेट की सदस्य

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड में तीन दिन पहले उबेकिस्तान की लड़की ने नशे में धुत टाटा इंडिगो कार से तीन युवकों को टक्कर मार दी थी। जिसके बाद उसने सड़क पर ही जमकर हंगामा मचाया था। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए थे, जिसमें एक युवक अरुण विश्वकर्मा की देर शाम उपचार के दौरान मौत हो गई है। जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक विदेशी युवतियों को बुलाकर सेक्स रैकेट संचालित करने वाले गैंग का खुलासा हुआ है। पुलिस ने तेलंगाना और त्रिपुरा की दो युवतियों समेत गैंग का डीलर और लोजिस्टिक सपोर्ट करने वाले दो सदस्यों को हिरासत में लिया है। उज़्बेकिस्तान की युवती और वकील पुलिस रिमांड में कई बातों का खुलासा किया है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि, 30 जनवरी को लड़की उबेकिस्तान से इंडिया आई और 31 को रायपुर पहुंची। पुलिस को लड़की के पास से ग्राहकों के नाम की डायरी है। वहीं गैंग का मास्टर माइंड फरार बताया जा रहा है। इस मामले में सरस्वती नगर और तेलीबांधा थाना में पीटा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जल्द ही इस सेक्स रैकेट गैंग का खुलासा करेगी।

उल्लेखनीय है कि, तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी थी। जिसके कारण तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज मेकाहारा अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि, कार में एक युवक और एक विदेशी युवती सवार थी। इस दौरान दोनों नशे में धुत थे। जिसके बाद मौके पर भीड़ इकठ्ठा हो गई। इस दौरान कार सवार विदेशी युवती ने मौके पर जमकर हंगामा किया। जिसका वीडियो भी अब सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि, युवती गलती करने के बाद भी वहां मौजूद पुलिस वालों से बहस कर रही थी। इस भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार तीन युवकों में एक युवक की बीती देर शाम उपचार के दौरान मौत हो गई।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी के व्हीआईपी रोड, अटल नगर, नवा रायपुर क्षेत्र में लगातार चारपहिया और दोपहिया वाहन चालकों द्वारा शराब पीकर तेज गति से वाहन चलाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है।

पुलिस महानिरीक्षक (रेंज रायपुर) अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार रात को एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नवा रायपुर) विवेक शुक्ला ने किया।

नया रायपुर, माना और विधानसभा अनुविभाग की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से व्हीआईपी रोड, फुंडहर चौक, पीटीएस चौक, नया रायपुर एयरपोर्ट तिराहा सहित प्रमुख स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 16 चारपहिया और 2 दोपहिया वाहनों को जब्त किया गया। इनके विरुद्ध धारा 185 मोटर यान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।



रायपुर के सिविल लाइन क्षेत्र में भी तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के मामलों पर पुलिस ने सख्ती दिखाई। पुलिस ने धारा 281 और 125(ए) बीएनएस के तहत चारपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की, साथ ही अलग से धारा 185 मोटर यान अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर वाहनों को जब्त किया। सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ पृथक-पृथक इस्तगासा तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और शराब पीकर वाहन न चलाएं, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 वाहनों के कटे चालान

**कोण्डागांव (ए.)।** जिला की अनंतपुर पुलिस ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 22 लोगों का चालान काटा और कुल 6600 रुपए का समन वसूल किया। यह अभियान आगामी नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर संदिग्ध गाड़ियों की जांच के दौरान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवेल्ली अक्षय कुमार के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार और थाना प्रभारी अखिलेश धीवर के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। उप निरीक्षक अखिलेश धीवर व उनकी टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान छोटे-बड़े वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की। जिनके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए गए। उनके खिलाफमोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 22 मामलों में चालान काटते हुए 6600 रुपए की वसूली की। इस दौरान थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

### सीएसपी की गाड़ी को शराबी ने मारी ठोकर

रायपुर। ड्रंक एंड ड्राइव चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक एक चालक रोकना चाहा तो उसने सीएसपी की ही गाड़ी को ठोकर मारकर फरार होने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने पीछा कर चालक को दबोचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब सेवन कर वाहन चलाने के दौरान थाना सिविल लाइन क्षेत्र में एक्सीडेंट करने वाले आरोपी प्रियेश बग्गा पिता सुरेंद्र बग्गा 23 वर्ष निवासी फॉरेस्ट कॉलोनी के सामने पंडरी रायपुर थाना सिविल लाइन रायपुर के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 70/25 धारा 281 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**Urgent Requirements**

**Profile:** Senior Accountant.Job
**Types:** Full-time, Permanent,
**Experience:** 5-8 years. Pay: 20,000.00 - 40,000.00 per month
**Working Time:-** 10.00am To 7.00Pm
**Qualification:** Bachelor's in Accounting/Finance (CA/CPA/MBA preferred).
**Cont. No. 6232 926 014**

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

राकेश ट्रेडर्स
राकेश ट्रेडर्स जो चर्च के पास था वह आगे चला गया है पिछले दस वर्षों से
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Swami Aatmanad School, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

### मुख्यमंत्री साय का धमतरी में विशाल रोड शो, बोले-

# नगरीय निकाय में भाजपा की जीत से धमतरी को मिलेगा ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

धमतरी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को धमतरी में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के विशाल रोड शो में शामिल हुए, जहाँ रोड शो को जनता का भरपूर समर्थन मिला। सड़कों के दोनों ओर उमड़े जनसैलाब ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया, कमल का झंडा थामे भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजनों के गगनचुंबी नारों से पूरा धमतरी शहर गूँज उठा। श्री साय ने जनता से कमल का बटन दबा कर महापौर प्रत्याशी रामू रोहरा सहित सभी 40 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने और ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ धमतरी शहर को दिलाने का आग्रह किया। उन्होंने जनता को अटल विश्वास पत्र के एक-एक वादे को पूरा करने की गारंटी दी।

म्युनिसिपल स्कूल से शुरू हुए इस विशाल रोड शो का काफिला शहर के प्रमुख चौक-चैराहों से गुजरते हुए बिलाई माता मंदिर परिसर में समाप्त हुआ। जहाँ सीएम साय ने विंध्यवासिनी माता की पूजा-अर्चना कर धमतरी सहित समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विष्णु देव साय ने कहा कि भाजपा सरकार ने नगरीय निकायों के विकास के लिए 7,000-8,000 करोड़ से अधिक की राशि जारी की है, जिससे शहरों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।




उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि आने वाले वर्षों में 3 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास बनाए जाएंगे, नजूल भूमि पर बसे परिवारों को मालिकाना हक देने के लिए नया कानून लाया जाएगा, महिलाओं के नाम पर संपत्ति कर में 25त्न की छूट मिलेगी, समय पर बिजली बिल और संपत्ति कर भरने वालों को पीएम आवास योजना का लाभ मिलेगा, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 2.5 लाख तक का बिना गारंटी लोन, स्ट्रीट वेंडर्स को 30,000 की आर्थिक सहायता और यूपीएससी पास करने वाले छात्रों को महापौर सम्मान निधि के तहत 1 लाख की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश में अभूतपूर्व योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ जनता को सीधे मिल रहा है। 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है, धान का समर्थन मूल्य ?3100 प्रति क्विंटल तय किया गया है और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी हो रही है। किसानों को दो साल का बकाया बोनस, 70 लाख माताओं-बहनों को 'महतारी वंदन योजना' का लाभ, तेंदूपत्ता संग्रहण दर ?5500 प्रति मानक बोरा, 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को श्रीरामलला दर्शन और काशी यात्रा का लाभ तथा भूमिहीन कृषि मजदूरों को 'पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना' के तहत हर साल ?10,000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। रोड शो में महापौर प्रत्याशी रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, इंदर चोपड़ा, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस सहित अन्य वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों का अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन : विजय शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए बड़े ऑपरेशन में 31 वर्दीधारी नक्सली मारे गए हैं। इस अभियान में एके-47, इंसास और बीजीएल सहित कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं।



उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन की जानकारी देते हुए बताया कि बीजापुर के नेशनल पार्क वाले क्षेत्र में सुरक्षा कैम्पों से 650 से अधिक जवानों ने ऑपरेशन लॉन्च किया था। इस अभियान के दौरान 31 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि इस अभियान में हमारे दो वीर जवान शहीद हुए हैं, जिनके सर्वोच्च बलिदान को मैं शत-शत् नमन करता हूँ। ईश्वर शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करें। इसके अतिरिक्त दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल एयरलिफ्ट कर उपचार के लिए भेजा गया है। मैं उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ।

उन्होंने कहा कि जनवरी और फरवरी माह को मिलाकर देखें तो यह अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है। जिस क्षेत्र को नक्सलियों का आरामगाह कहा जाता था, वहां आज हमारे बहादुर जवानों ने साहसिक अभियान चलाकर नक्सलियों को करारा जवाब दिया है।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने इस सफल ऑपरेशन के लिए सभी सुरक्षाबलों को बधाई दी और कहा कि सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेश में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई पूरी ताकत से जारी रहेगी।

### डीजीपी अरुण देव गौतम ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** डीजीपी अरुण देव गौतम ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। डीजीपी ने कहा, हम अपने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। इन बहादुर जवानों की शहादत के कारण ही इस ऑपरेशन को बड़ी सफलता मिली है और एसटीएफ ने 31 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। जब तक इस क्षेत्र में हथियारबंद नक्सली मौजूद हैं, तब तक ऐसे ऑपरेशन चलते रहेंगे। हम हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

बीजापुर जिले में मद्देड़-फरसेगढ़ बॉर्डर पर नेशनल पार्क एरिया में पुलिस और नक्सलियों के बीच करीब 8 घंटे तक मुठभेड़ चली। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में जवानों ने 11 महिला समेत कुल 31 माओवादियों को एनकाउंटर में मार गिराया। मौके से AK-47, इंसास, SLR जैसे ऑटोमैटिक वेपंस भी बरामद किए गए। मुठभेड़ में 2 जवान शहीद हो गए जबकि 2 घायल हैं। दोनों घायल जवानों का रायपुर में इलाज चल रहा है, जिनकी स्थिति खतरे से बाहर है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। लेकिन ऐसा बताया जा रहा है कि कई बड़े कैडर्स के नक्सली एनकाउंटर में ढेर हुए हैं।

## मुख्यमंत्री साय ने भूमकाल दिवस पर अमर शहीद गुंडाधुर को किया नमन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 10 फरवरी को भूमकाल स्मृति दिवस के अवसर पर आदिवासी जननायक अमर शहीद गुंडाधुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध क्रांति का शंखनाद करने वाले गुंडाधुर का बलिदान इतिहास के पन्नों में सदा अमर रहेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 10 फरवरी 1910 को बस्तर के वीर आदिवासियों ने अंग्रेजों के अन्याय और शोषण के खिलाफ भूमकाल विद्रोह का बिगुल फूंका था। इस आंदोलन में आदिवासी जननायकों ने अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता और स्वाभिमान की रक्षा की। अमर शहीद गुंडाधुर के नेतृत्व में हुए इस संघर्ष में सीमित संसाधनों के बावजूद बस्तर के रणबांकुरों ने अंग्रेजी शासन की दमनकारी नीतियों को चुनौती दी।

श्री साय ने कहा कि भूमकाल विद्रोह न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि संपूर्ण देश के स्वाधीनता संग्राम का एक स्वर्णिम अध्याय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अमर शहीद गुंडाधुर आदिवासी चेतना और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उनकी संघर्षगाथा हमें अत्याचार, शोषण और अन्याय के विरुद्ध अडिग रहने की प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संकल्प व्यक्त किया कि गुंडाधुर द्वारा जगाई गई स्वाभिमान और आत्मसम्मान की ज्योति सदैव प्रज्ज्वलित रहेगी और उनकी स्मृति में मनाया जाने वाला भूमकाल दिवस हमें सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने की शक्ति देता रहेगा।

## आईएफएस अधिकारियों की टीम ने धमतरी में मृदा संरक्षण और आजीविका पहल का किया अध्ययन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आईएफएस अधिकारियों की टीम ने धमतरी में मृदा संरक्षण और आजीविका पहल का किया अध्ययनआईएफएस अधिकारियों की टीम ने धमतरी में मृदा संरक्षण और आजीविका पहल का किया अध्ययनआईएफएस अधिकारियों की टीम ने धमतरी में मृदा संरक्षण और आजीविका पहल का किया अध्ययनआईएफएस अधिकारियों की टीम ने धमतरी में मृदा संरक्षण और आजीविका पहल का किया अध्ययन



राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून के मध्य-कैरियर प्रशिक्षण (एमसीटी) चरण 3 के तहत विभिन्न राज्यों के 32 भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों की एक टीम ने कल धमतरी वन मंडल का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने वन प्रबंधन और आजीविका संवर्धन से जुड़ी उत्कृष्ट पहलों का अध्ययन किया।

दौरे के दौरान सीसीएफ रायपुर राजू अगसिमानी और डीएफओ धमतरी श्रीकृष्ण जाधव ने अधिकारियों को पंपार नाला में किए गए मृदा एवं नमी संरक्षण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये प्रयास क्षेत्र में जल संरक्षण और जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इसके अलावा, टीम ने दुगली स्थित वन धन विकास केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और पारंपरिक वैद्य चिकित्सकों से संवाद किया। इस दौरान लघु वनोपज के मूल्य संवर्धन, पारंपरिक औषधीय ज्ञान के संरक्षण और वीडीवीके के माध्यम से उत्पन्न होने वाली आजीविका के विषय पर गहन चर्चा हुई।

इस अध्ययन दौरे को सफल बनाने में हिमांशु डोंगरे, आईएफएस, श्वेता कंबोज, आईएफएस प्रोबेशनर, एसडीओ, आरएफओ और फील्ड स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा अपनाई गई प्रभावी संरक्षण रणनीतियों और समुदाय-संचालित आर्थिक सशक्तिकरण की सराहना की।

## भाजपा ने दिखाई ताकत, सीएम साय के रोड शो से भगवामय हुआ शहर, मुख्यमंत्री बोले- विकास के लिए भाजपा जरूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा दुर्ग में आयोजित विशाल रोड शो में शामिल हुए और जनता से महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार और सभी 60 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयश्री दिलाने का आग्रह किया। रोड शो को जनता का भरपूर समर्थन मिला। सीएम साय ने कहा कि दुर्ग शहर के चहुंमुखी विकास के लिए नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार बनाना जरूरी है, क्योंकि शहर की प्रगति केवल भाजपा से ही संभव है।

नया बस स्टैंड से शुरू हुआ रोड शो का काफिला शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए लगभग 3 घंटे के पश्चात महाराजा चौक में समाप्त हुआ। इस दौरान सड़कों के दोनों ओर उमड़े जनसैलाब ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और भाजपा के समर्थन में गगनचुम्बी नारे लगाए। कमल के झंडों से सजी सड़कों से दुर्ग में भगवा समंदर नजर आया। सीएम साय ने भी जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए आशीर्वाद और समर्थन देने के लिए आभार जताया।

विष्णु देव साय ने कहा कि भाजपा सरकार ने नगरीय निकायों के विकास के लिए ?7,000-8,000 करोड़ से अधिक की राशि जारी की है, जिससे शहरों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि आने वाले वर्षों में 3 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास बनाए जाएंगे, नजूल भूमि पर बसे परिवारों को मालिकाना हक देने के लिए नया कानून लाया जाएगा, महिलाओं के नाम पर संपत्ति कर में 25त्न की छूट मिलेगी, समय पर बिजली बिल और संपत्ति कर भरने वालों को पीएम आवास योजना का लाभ मिलेगा, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 2.5 लाख तक का बिना गारंटी लोन, स्ट्रीट वेंडर्स को 30,000 की आर्थिक सहायता और यूपीएससी पास करने वाले छात्रों को महापौर सम्मान निधि के तहत 1 लाख की सहायता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश में अभूतपूर्व योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ जनता को सीधे मिल रहा है। 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है, धान का समर्थन मूल्य ?3100 प्रति क्विंटल तय किया गया है और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी हो रही है।

किसानों को दो साल का बकाया बोनस, 70 लाख माताओं-बहनों को 'महतारी वंदन योजना' का लाभ, तेंदूपत्ता संग्रहण दर ?5500 प्रति मानक बोरा, 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को श्रीरामलला दर्शन और काशी यात्रा का लाभ तथा भूमिहीन कृषि मजदूरों को पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना' के तहत हर साल 10,000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। रोड शो में सांसद विजय बघेल , विधायक गजेंद्र यादव , ललित चंद्राकर, महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार , राजीव अग्रवाल , जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एनआईटी रायपुर में इक्लेक्टिका 2025 का हुआ समापन, शानदार डांस प्रस्तुतियों और डीजे की धुन पर झूमे छात्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर की संस्कृति-सांस्कृतिक समिति ने 9 फरवरी 2025 को मध्य भारत के सबसे बड़े वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव इक्लेक्टिका'25 का समापन किया। तीन दिवसीय इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन डीन (छात्र कल्याण) डॉ. नितिन जैन के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरे दिन कई आकर्षक कार्यक्रम हुए, जिनमें दर्शकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।




समारोह की शुरुआत गो ग्रीन क्लब द्वारा आयोजित स्नेकमेनिया से हुई, जिसमें नोवा नेचर फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने सांपों, उनके आवास और उनके पारिस्थितिक महत्व के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी। कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता दी गई। कार्यक्रम का अंत में पिछले तीन दिनों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

एल्योर, एक फैशन शो इवेंट, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने ट्रेडिशनल परिधानों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान प्रतिभागियों को कठोर चयन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जिसमें उन्होंने अपनी विशिष्ट शैलियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक आकर्षक प्रतियोगिता के बाद, विजेताओं की घोषणा की गई, जिसमें विश्वनाथ, आईटी, द्वितीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और श्रुति, सिविल, चतुर्थ सेमेस्टर उपविजेता रही।

क्लैश ऑफ कोरियोस, एक रोमांचक नृत्य प्रतियोगिता, ने विभिन्न कॉलेजों से बड़ी संख्या में उत्साही प्रतिभागियों को आकर्षित किया। प्रतियोगिता में नृत्य की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी, जिसमें प्रतिभागियों ने जो भेजी थी दुआ, माई नेम इज लखन और मल्हारी जैसी रोमांचक धुनों पर नृत्य किया। इस कार्यक्रम के विजेता-पंडित हरिशंकर कॉलेज, रायपुर से द ओजिस्ट क्रू (डांस ग्रुप) जबकि उपविजेता द क्रॉस क्रू डांस ग्रुप, रायपुर से निशांत (एकल प्रदर्शन) रहे। इसके साथ ही, कई आकर्षक मिनी-इवेंट और सॉल्व द क्यूब, सुडोकू, टेस्ट योर मेमोरी, क्ले कैसल जैसे मिनी इवेंट्स आयोजित किए गए, जिससे परिसर में चहल-पहल और ऊर्जा बनी रही।

फाइनेंस एंड कंसल्टिंग क्लब (FCC) द्वारा आयोजित एक स्पीकर सेशन में iQuanta के सेंटर मैनेजर श्री आशुतोष गजेंद्र मुख्य वक्ता थे। सेशन के दौरान फाइनेंस के प्रबंधन से जुड़ी व्यावहारिक टिप्स शेयर की गईं। इस दौरान गेसस्टिमेट और मनी हॉल जैसे आकर्षक ऑनलाइन इवेंट भी आयोजित किए गए, जिससे सेशन जानकारीपूर्ण और मनोरंजक दोनों रहा। अंत में सांस्कृतिक उत्सव का सबसे प्रतीक्षित क्षण आया, इलेक्ट्रॉनिक डांस एंड म्यूजिक (श्वष्ठरू) नाइट, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के समापन पर, इसने अविस्मरणीय यादें छोड़ सभी के मन में छोड़ी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950